ऋग्वेद ओ३म् यजुर्वेद

वर्ष १७ अंक २

# वेद-ज्योति

माघ २०४९ फरवरी १९९३

अथर्ववेद खण्ड ५६ सामवेद

विश्व वेदपरिषद् की संस्कृत पत्रिका का उद्देश्य— विश्व में वेद, संस्कृत, यज्ञ, योग का प्रचार

मानव-वेद-सृष्टि-संवत् १ ९६ ०८ ५३ ०९३, दयानन्दाब्द १६८

शुल्क वार्षिक ४०), आजीवन ४००), विदेश में २५ पौंड, ४० डालर, एक अंक का ४)

सम्पादक- वेदर्षि वेदाचार्य वीरेन्द्र मुनि सरस्वती एम. ए. काव्यतीर्थ, अध्यक्ष विश्व वेदपरिषद्, सी ८१७, महानगर, लखनऊ उ० प्र० २२६००६; दूरभाष ७३५०१ । सहायक- विमला शास्त्री

विषय-सूची—





महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती

## दयानन्द के सपनों को साकार करेंगे !

(शान्तिप्रिय 'सौरभ' पुरो. आर्यस० मालवीयनगर दिल्ली)

मिलकर हम सब दयानन्द के सपनों को साकार करेंगे।
शपथ ओम् की निज जीवन में वेदों का उद्धार करेंगे ॥
नहीं लड़ेंगे, नहीं भिड़ेंगे; आपस में हम सब भाई ।
राग-द्वेष की बात भूलकर हर प्राणी से प्यार करेंगे ॥
सब मानव हैं पूज्य सभी का आदर करना परम धर्म है।
आयेंगे जो अतिथि हमारे घर उनका सत्कार करेंगे ॥
घर-घर में ध्वनि ओम की गूंजे मन्त्रों का उच्चारण हो।
वेद-सिद्धान्त जगत में फैले इसी हेतु हम कार्य करेंगे ॥
स्वामी दयानन्द की जय हो, जय हो भारत-माता की।
वेदों का उद्घोष सभी हम इक दूजे के द्वार करेंगे ॥

—०—

इस वर्ष शिवरात्रि १९-२-९३ को है ।

जन्म १८२५ ई० । बोध शिवरात्रि १८३७ ई०

बलिदान दीपावली सं० १९४०, ३०-१०-१८८३ ई०

घर के नाम- मूलशंकर, मूल जी, दयाराम, दयाल जी

परवर्ती नाम शुद्ध चैतन्य ब्रह्मचारी, कोलाहल-स्वामी ।

# सत्यार्थप्रकाश-मन्त्र-व्याख्या

क्रमाङ्क ८८ । ऋषि वामदेव, देवता इन्द्र, छन्द गायत्री, स्वर षड्ज; विनियोग साम-गान

**कया नश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः सखा । कया शचिष्ठया वृता ॥**

[ऋ ४-३१-१; यजु २७-३९, ३६-४, साम १६९; ६८२(उ.१.४.१२.१); अथर्व २०- २४-१. ६ वार] .

देखो, ग्रहों का चक्र कैसा चलाया है कि जिसने विद्याहीन मनुष्यों को ग्रस लिया है—
उपर्युक्त मन्त्र को राहु का कहते हैं, यह मित्र का विधायक है, राहु का वाचक नहीं। अर्थ न जानने से भ्रम-जाल में पड़े हैं।
(सत्यार्थप्रकाश समुल्लास ११)

महर्षि-भाष्य – किस अतिशय सत्कर्मानुष्ठान वाली उपासना रीति से शुभ गुणों में वर्त्तमान, उस उत्तम गुणालंकृत सभा से प्रकाशित, अद्भुत अनन्त शक्तिमान्, सदा आनन्द से बढ़ता हुआ इन्द्र, परमेश्वर हमारा मित्र जैसे अभिमुख होकर कृपया सदा सहायता करने से हमारा रक्षक हो वैसे ही वह हमें सत्य-प्रेम-भक्ति से सेवनीय है। [ऋ० भा० भू० ग्रन्थ-प्रामाण्याप्रामाण्य-विषय]

ऐसा ही अर्थ अथर्व-भाष्य में स्वश्री क्षेमकरणदास-विश्वनाथ आदि ने किया है।

य २७-३९ का यह आध्यात्मिक अर्थ करके महर्षि ने भाष्य में आधिभौतिक अर्थ किया—

हे विद्वान्! अद्भुत तू सदा बढ़ने वाले का मित्र बन, किसी रक्षादि क्रिया से हमारी रक्षा कर, किसी वर्तना रूप श्रेष्ठ कर्म से हमें नियुक्त कर।

पुनरुक्ति-निवारणार्थ अनेक अर्थ करने चाहिए, अथर्व में यथासम्भव वैज्ञानिक दैविक हों।

## पतञ्जलि का योग दर्शन-शास्त्र २.साधन-पाद (गतांक से आगे)

### ६५. स्वाध्यायाद् इष्ट-देवता-सम्प्रयोगः । ४४

यथार्थ शुद्धभाव, सत्य मानना-बोलना-करना: मन को अधर्म में न जाने देना, बाह्य इन्द्रियों को अन्यायाचरण में जाने से रोकना अर्थात् शरीर-इन्द्रिय-मन से शुभ कर्मों का आचरण करना वेदादि सत्य-विद्याओं का पढ़ना-पढ़ाना, वेदानुसार आचरण करना आदि उत्तम धर्म-युक्त कर्मों का नाम तप है। धातु को तप कर चमड़ी को जलाना तप नहीं कहाता। [स० प्र० समुल्लास ११]

अणिमा आदि विभूतियाँ हैं; ये योगी के चित्त में पैदा होती हैं। सांसारिक लोग जो यह मानते हैं कि ये योगी के शरीर में पैदा होती हैं, यह ठीक नहीं है। अणिमा का अर्थ यह है कि (योगी का चित्त) छोटी से छोटी वस्तु को विशेष सूक्ष्म होकर नापने वाला होता है। इसी प्रकार बड़े से बड़े पदार्थ को विशेषकर बड़ा होकर योगी का मन घेर लेता है; इसे गरिमा कहते हैं। ये मन के धर्म हैं, शरीर में इनकी शक्ति नहीं है। [उपदेशमञ्जरी; ११ वाँ उपदेश]

पूर्वोक्त स्वाध्याय से इष्ट देवता अर्थात् परमात्मा के साथ सम्प्रयोग अर्थात् साक्षात् होता है।

## महर्षि दयानन्द सरस्वती [श्री सतीशचन्द्र वर्मा वेदाचार्य, महानगर, लखनऊ]

महर्षि ने योगी-संन्यासी बनकर वेद-भाष्य किया और चैत्र सुदि ५, १९३२ वि० (१०-४-१८७५) को आर्यसमाज स्थापित किया और सत्यार्थप्रकाश रचकर स्वराज्य का सन्देश दिया। गो-करुणा-निधि रचकर गौ-रक्षा के लिए लाखों के हस्ताक्षर कराके प्रार्थनापत्र सरकार को भिजवाये।

अभी ऋषि का कार्य पूरा नहीं हुआ है, उसको पूरा करना हमारा कर्तव्य है। गो-पालन एक उद्योग-रूप में चलाया जाये जिससे बेरोजगारी, दूध-खाद-ऊर्जा की कमी दूर की जा सके।

आर्य-साम्राज्य स्थापित करने के लिए राज्यार्य सभा प्रत्येक आर्य समाज में होनी चाहिये। वेद-प्रचार के लिए आर्यों की ओर आर्य डी० ए० वी० स्कूलों में वेद-संस्कृत [illegible]

# वेदमें सब सत्य विद्यायें (विज्ञान)

## चौदहवीं सत्यविद्या ज्योतिष क्रमागतविद्या ३८-४३

[नक्षत्र-विद्या (ऐस्ट्रोनामी), भूगोल (जियोग्राफी), भूगर्भ (जियोलाजी), गणित (मैथिमेटिक्स)]

क्रमागत ३८ वीं नक्षत्र-विद्या खगोल शास्त्र

**४२५·सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः। अग्निर्हिमस्य भेषजं भूमिरावपनं महत् ।।**

सूर्य अकेला अपनी कीली पर घूमता है और चन्द्रमा फिर उससे उत्पन्न होता है। अग्नि ठण्ड की औषधि है और भूमि बड़ा बीज बोने का क्षेत्र है। [यजुर्वेद २३-१०]

**२६ वेदाहमस्य भुवनस्य नाभिं वेद द्यावापृथिवी अन्तरिक्षम् ।**

**वेद सूर्यस्य बृहतो जनित्रमथो वेद चन्द्रमसं यतोजाः ।।** [य २३-६०]

इस यजु० २३- ० में भी चन्द्रमा की उत्पत्ति सूर्य से बतायी गयी है।

**२७ आ सूर्यो यातु सप्ताश्वः क्षेत्रं यदस्योर्विया दीर्घयाथे ।**

**रघुः श्येनः पतयदन्धो अच्छा युवा कविर्दीदयद् गोषु गच्छन् ।।** [ऋ ५-४५-६]

इसमें और अन्यत्र भी सूर्य के ७ अश्व (७ रङ्ग की किरणें बतायी हैं।

**२८ चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ।**

**आ प्राः द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस् तस्थुषश्च ।।**

सूर्य जगत् का आत्मा (गति-दाता) है, वह आश्चर्य-जनक, किरणों का समूह, मित्र-वरुण (हाइड्रोजन-आक्सीजन) और अग्नि का दर्शक; द्यौ-पृथिवी-अन्तरिक्ष को सब ओर से व्याप्त कर रहा है। [ऋ० १-११५-१, यजु० ७-४२; १३-४६, साम ६-१-३, अथर्व १३-२-३५, २०-१०७-१४]

**२९ अनड्वान् दाधार पृथिवीमुत द्यामनड्वान् दाधारोर्वन्तरिक्षम् ।**

**अनड्वान् दाधार प्रदिशः षडुर्वीरनड्वान् विश्वं भुवनमाविवेश ।।** [अ ४.११.१]

अनड्वान् (प्राण-धारक परमात्मा और सूर्य) ने पृथिवी-द्यौ-अन्तरिक्ष-दिशाएँ धारण की हैं वह सब भुवन में व्यापक है। अनड्वान् का अर्थ बैल भी है, इससे यह भ्रम फैल गया कि बैल के सींग पर भूमि टिकी है।

**३० शन्नो ग्रहाश्चान्द्रमसाः शमादित्यश्च राहुणा। शन्नो मृत्युधूमकेतुः शं रुद्रास्तिग्मतेजसः।।**

अथर्व १९-९-१०

**३१ यत्त्वा सूर्य स्वर्भानुस् तमसाविध्यदासुरः। अक्षेत्रविद् यथा मुग्धो भुवनान्यदीधयुः ।।**

**३२ यं वै सूर्यं स्वर्भानुस् तमसाविध्यदासुरः। अत्रयस् तमन्वविन्दन् नह्यन्ये अशक्नुवन् ।।**

ऋ .५-४०-५, ६

इन मन्त्रों में सूर्य-चन्द्र-ग्रहण का वर्णन है। स्वर्भानु राहु-केतु चन्द्र-भूमि की छायाएँ हैं जिनके पड़ने से क्रमशः सूर्य-चन्द्र-ग्रहण होते हैं। भूकम्प से काँपती भूमि, उल्का-पुच्छल तारे शान्त हों। तेजस्वी ग्रह मङ्गल-बुध-बृहस्पति-शुक्र-शनि-अरुण-वरुण और चन्द्र के ग्रह अश्विनी आदि २८

नक्षत्र कल्याण-कारी हों। सूर्य-चन्द्र-द्यौ-पृथिवी-अन्तरिक्ष और सुखद लोकों को परमात्मा जगत् के आदि में बनाता है यह ऋ०१०-१९०-३में बताया गया है—

'३ सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवञ्च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः।

३४ संवत्सरोऽसि परिवत्सरोऽसीदावत्सरोऽसीद्वत्सरोऽसि वत्सरोऽसि ०।।[य २७-४५]

वत्सर (वर्ष) ५ प्रकार के हैं— संवत्सर ३६० दिन का सायन वर्ष, परिवत्सर ३६५ का सौर वर्ष इदावत्सर ३५४ का चान्द्र; इद्वत्सर ३६१ का बार्हस्पत्य और वत्सर ३२४ का नाक्षत्र वर्ष। पूरी सृष्टि और प्रलय प्रत्येक ४३२००००००० चार अरब बत्तीस करोड़ वर्षों की होतीहै — उल्का और धूमकेतुओं का, २८ नक्षत्रों और १२ राशियों का भी वेद में वर्णन है—

३५ शतं तेऽयुतं हायनान् द्वे युगे त्रीणि चत्वारि कृण्मः।

इन्द्राग्नी विश्वे देवास्तेऽनु मन्यन्तामहृणीयमानाः ।। [अथर्व ८-२-२१]

३६ द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत। २

तत्राहतास्त्रीणि शतानि शङ्कवः षष्टिश्च खीला अविचाचला ये।।[अ १०.८.४

३७ सुहवमग्ने कृत्तिका रोहिणी चास्तु भद्रं मृगशिरः शमार्द्रा।

पुनर्वसू सूनृता चारु पुष्यो भानुराश्लेषा अयनं मघा मे।।

३८ पुण्यं पूर्वा फल्गुन्यौ चात्र हस्तश्चित्रा शिवा स्वाति सुखो मे अस्तु।

राधे विशाखे सुहवानुराधा ज्येष्ठा सुनक्षत्रमरिष्टमूलम्।

३९ अन्नं पूर्वा रासतां मे अषाढा ऊर्जं देव्युत्तरा आ वहन्तु।

अभिजिन्मे रासतां पुण्यमेव श्रवणः श्रविष्ठाः कुर्वतां सुपुष्टिम्।। ४

४० आ मे महच्छतभिषग्वरीय आ मे द्वया प्रोष्ठपदा सुशर्म।

आ रेवती चाश्वयुजौ भगं म आ मे रयिं भरण्य आ वहन्तु।। ५ [अ१९.७]

वैदिक मास १२ मधु-माधव-शुक्र-शुचि-नभः-नभस्य-इष-ऊर्ज-सहः-सहस्य-तपः-तपस्य हैं। १२ नाक्षत्रिक चान्द्रमास चैत्र-वैशाख-ज्येष्ठ-आषाढ-श्रावण-भाद्रपद-आश्विन-कार्तिक-मार्गशीर्ष-पौष-माघ-फाल्गुन जिस नक्षत्र में पूर्णिमा हो या पूर्णिमा में जो नक्षत्र पड़े उसके नाम से हैं।

राशियाँ (सूर्य की संक्रान्तियाँ) १२ मेष-वृष-मिथुन-कर्क-सिंह-कन्या-तुला-वृश्चिक-धनुः-मकर-कुम्भ-मीन हैं। संसार का आरम्भ मेष संक्रान्ति (१४ अप्रैल), चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हुआ था।

ऊपर १९.७.२-५ में उद्धृत २८ नक्षत्र कृत्तिका-रोहिणी-मृगशिरः-आर्द्रा-पुनर्वसू-पुष्य-आश्लेषा-मघा-पूर्वा फल्गुनी-उत्तरा फल्गुनी-हस्त-चित्रा-स्वाति-विशाखा-अनुराधा-ज्येष्ठा-मूल-पूर्वा अषाढा-उत्तरा अषाढा-अभिजित्-श्रवण-श्रविष्ठा [धनिष्ठा]-शतभिषग्-पूर्वा प्रोष्ठ[भाद्]पदा-उत्तरा भाद्रपदा-रेवती-अश्विनी-भरणी। आज की ज्योतिष में अभिजित् को छोड़कर २७ ही मानते हैं।

ऋतुओं-मासों के नाम और वर्णन यजु अध्याय १३-१४-१५ में हैं। प्रति तीन या ४ वर्ष बाद १ अधिक मास मानकर चान्द्र-सौर वर्ष को बराबर किया जाता है। वेद-वर्णित वर्ष के तीन सौ साठ दिन पृथिवी से चन्द्र के अलग होने पर तीन सौ पैंसठ सही एक बटा चार होने लगे।

येन धर्मः सेव्यते स एव सुखी जायते । जो धर्म का सेवन करता है वही सुखी होता है।

५१ लेख्य-लेखक-प्रकरणम्

मनुष्यो लेखाभ्यासं सम्यक् कुर्यात् । मनुष्य लेख का अभ्यास ठीक करे।

अयमत्युत्तममक्षर-विन्यासङ्करोति । यह अति उत्तम अक्षर लिखता है।

लेखनीं सम्पादय, मसीपात्रमानय, पुस्तकं लिख । कलम बना, दवात ला। पुस्तक लिख।

तत्र पत्रं लिखित्वा प्रेषितं न वा ? वहाँ पत्र लिख कर भेजा वा नहीं ?

प्रेषितं, पञ्च दिनानि व्यतीतानि; भेजा, ५ दिन बीते

तस्य प्रत्युत्तरमप्यागतम् । उसका जवाब भी आगया।

सुवर्णाक्षराणि लिखितञ्जानासि न वा ? सुन्दर अक्षर लिखना जानता है वा नहीं ?

जानामि तु परन्तु सामग्री-सञ्चयने जानता तो हूं परन्तु वस्तुएं इकट्ठी करने

लेखने च विलम्बो भवति । और लिखने में देर होती है।

यद्यङ्गुष्ठ-तर्जनीभ्यां लेखनीङ्गृहीत्वा मध्यमो- जो अंगूठा-तर्जनी से कलम पकड़ कर लिखे

परि संस्थाप्य लिखेत्तर्हि प्रशस्तो लेखो जायेत। तो बहुत अच्छा लेख हो।

अयमतीव शीघ्रं लिखति । यह अत्यन्त जल्दी लिखता है।

एतस्य लेखनी मन्दा चलति । इसकी लेखनी धीरे चलती है।

यदि त्वमेकाहं सततं लिखेस्तर्हि कि[illegible] यदि तू एक दिन निरन्तर लिखे तो कितने

श्लोकांल्लिखितुं शक्नुयाः ? श्लोक लिख सकता है?

पञ्चशतानि । पाँच सौ।

यदि शिक्षाङ्गृहीत्वा शनैःशनैर्लिखितुमभ्यसेत् यदि शिक्षा ग्रहण कर धीरे धीरे लिखने का

तर्ह्यक्षराणांसुन्दरं स्वरूपं स्पष्टता च जायेत। अभ्यास करे तो अक्षरों का सुस्वरूप स्पष्टता हो

अस्मिंल्लाक्षारसे कज्जलं सम्मेलितं न वा? इस लाख के रस में काजल मिलाया वा नहीं ?

मेलितं तु न्यूनं खलु वर्तते । मिलाया तो है, परन्तु थोड़ा है।

मनुष्यैर्यादृशः पठनाभ्यासः क्रियेत मनुष्य जैसा पढ़ने का अभ्यास करें

तादृश एव लेखनाभ्यासोऽपि कर्तव्यः । वैसा ही लेख का अभ्यास भी करना चाहिए।

मया वेदपुस्तकं लेखयितव्यमस्त्येकेन मुझको वेद का पुस्तक लिखाना है एक रुपये

रूप्येण कियतः श्लोकान् दास्यसि ? से कितने श्लोक देगा?

अत्युत्तमानि ग्रहीष्यसि चेत्तर्हि शतत्रयम् जो बहुत अच्छे लोगे तो तीन सौ,

मध्यमानि चेच्छतपञ्चकम्, साधारणानि मध्यम तो पाँच सौ, यदि साधारण

चेत्सहस्रं श्लोकान् दास्यामि । लोगे तो हजार श्लोक दूंगा।

शतत्रयमेव ग्रहीष्यामि परन्त्वत्युत्तमं लिखित्वा दास्यसि चेत् ।

तीन सौ ही लूँगा परन्तु बहुत अच्छा लिख कर देगा तो ।

वरमेवङ्करिष्यामि ।

अच्छा, ऐसा ही करूँगा ।

## ५२ मन्तव्यामन्तव्य-प्रकरणम्

त्वं जगत्स्रष्टारं सच्चिदानन्दस्वरूपं परमेश्वरं मन्यसे न वा ?

तू संसार के बनाने वाले सच्चित् और आनन्द-स्वरूप परमेश्वर को मानता है वा नहीं ?

अयं नास्तिकत्वात् स्वभावात् सृष्ट्युत्पत्तिं मत्वेश्वरं न स्वीकरोति ।

यह नास्तिक होने से स्वभाव से सृष्टि की उत्पत्ति को मान कर ईश्वर को नहीं मानता ।

यद्यवङ्कर्तृकार्यं रचक रचनाविशेषान्संसारे निश्चिनुयात्तह्यवश्यं परमात्मानं मन्येत ।

जो यह कर्ता-क्रिया-बनाने वाला और बनावट संसार में निश्चय करे तो अवश्य ईश्वर को माने ।

योऽत्र सृष्टे रचितरचनां पश्यति स जीवः कार्यवत् स्रष्टारङ्कुतो न मन्येत ?

जो यहाँ सृष्टि में पदार्थों की बनावट को देखता है वह कारीगरी के समान उसके बनाने वाले को क्यों न माने ?

यत्रोत्तमा धार्मिका आस्तिका विद्वांसो अध्यापका उपदेष्टारश् च स्युस् तत्र कोऽपि कदाचिन्नास्तिको भवितुं नार्हेत ।

जहाँ श्रेष्ठ धर्मात्मा आस्तिक विद्वान् अध्यापक-उपदेशक हों वहाँ कोई कभी नास्तिक नहीं हो सकता ।

कैः कर्मभिर्मुक्तिर्भवति ? तदा क्व वसन्ति? तत्र किं भुज्यते च ?

किन कर्मों से मुक्ति होती है? तब कहाँ रहते और वहाँ क्या भोगते हैं ?

धर्म्यकर्मोपासना_विज्ञानैर्मुक्तिर्जायते, तदानीं ब्रह्मणि निवसन्ति परमानन्दञ्च सेवन्ते ।

धर्मयुक्त कर्म-उपासना और विज्ञान से मोक्ष होता है । उस समय ब्रह्म में रहते

मोक्षंप्राप्य तत्र सदा वसन्त्याहोस्वित् कदाचित्ततो निवृत्य पुनर्जन्ममरणे प्राप्नुवन्ति?

मोक्ष पाकर वहाँ सदा रहते हैं अथवा कभी वहाँसे निवृत्त होकर पुनःजन्ममरण पाते हैं?

प्राप्तमोक्षा जीवास् तत्र सर्वदा न वसन्ति किन्तु महाकल्पपर्यन्तमर्थाद् ब्राह्ममायुर्यावत् तत्रोषित्वानन्दं भुक्त्वा पुनर्जन्ममरणे प्राप्नुवन्त्येव ।

मुक्ति को प्राप्त जीव वहाँ सर्वदा नहीं रहते किन्तु महाकल्प अर्थात् ब्राह्म आयु तक वहाँ वास कर आनन्द भोग कर फिर जन्म और मरण को अवश्य प्राप्त होते हैं ।

इति श्रीमद्दयानन्द सरस्वती स्वामिना निर्मितः संस्कृतवाक्यप्रबोधः समाप्तः ।

५२२३ जिसके निर्देश में सब गौ-अश्व-ग्राम-रथ, मन-इन्द्रियाँ-शरीर-अंग-प्रत्यङ्ग रहते हैं, जिसने सूर्य-उषा उत्पन्न किये, जो आप: (जल-प्राण-आप्तों) का नेता है, हे सज्जनो ! वह (परमेश्वर) इन्द्र है। ७

२४ जिसको क्रन्दन करने वाले (भू-द्यो लोक, स्त्री-पुरुष) संयत होकर अनेक प्रकार से पुकारते हैं,दूर-पास के दोनों प्रकार के अमित्र जिससे मित्रता के लिए विह्वल रहते हैं; एक-जैसे रथ में बैठे नाना योद्धा जिसे बुलाते हैं; वह सेनापति इन्द्र है। ८

२५ जिसके विना जन विजयी नहीं होते, युद्ध करते हुए जिसे रक्षा के लिए लेते हैं, जो विश्व की निर्मात्री हुई, जो न गिरने वाले (दुर्गों) का गिराने वाली है वह (विजली) ... । ९

२६ जो न्याय से महापापी नास्तिकों का नाश करता, बलात्कारी की हिंसक क्रिया का अनुमोदन नहीं करता, दुष्ट का हनन-कर्ता है, वह (सम्राट) ०। १०

२७ जो पर्वतों में स्थित जलमय हिम-राशि (ग्लेशियर), मेघों में जमे-रुके जल (अनावृष्टि), मासों में रहने वाले चन्द्र को ४० वें शरद् (वर्ष) में प्रस्तुत कराता, फिर अपने स्थान पर लाता है। [४० वर्ष के बाद ग्लेशियर पिघलता, सुवर्षा अवश्य होती, चन्द्र अपने स्थान पर आता है; शिष्य पर्वतों में ४० वर्ष रह, विद्या पढ़ कर विप्र आदित्य ब्रह्मचारी बनता है।] जो उमड़े-सोये पड़े जलद मेघ को मार गिराता, हे जनो ! वह सूर्य इन्द्र है। ११

२८ जो उस शम्बर (ग्लेशियर-मेघ-चन्द्र-ब्रह्मचारी) को अचल शासन वाली किरणों से तार देता और सोम पीता-पिलाता, जो पर्वत पर अनेक याज्ञिकों का मूर्छित सा कर देता है, वह सूर्य ०। १२

२९ जो ७ रश्मि वाला, जल-वर्षक, बली, बहने के लिए ७ प्रकार की नदियाँ नीचे गिराता है, जो द्यौ में बढ़े, बिजली-वज्र-धारी मेघ को कँपा कर भूमि पर फेंकता वह सूर्य ०। १३

[७ किरण (बिल्लौर) चित्र कपिश-आसमानी-नीली-हरी-पीली-नारगी-लाल हैं।]

३० इनके लिए द्यौ-पृथिवी भी झुकते हैं; इस की गरमी से ही पहाड़-मेघ डरते हैं, जो सोम-तत्त्व पीता, चयन किया गया, वज्र-समान बाहु वाला हाथ में शस्त्र लिए (राजा) है वह ०। १४

३१ जो रक्षा द्वारा अन्न-उत्पादक-पाचक-उपदेष्टा-श्रोता को बचाता है, ब्रह्म-सोम जिसको बढ़ाते, जिसका यह धन है; हे जनो ! वह [धनी वैश्य] इन्द्र है। १५

३२ माता-पिता की गोद में उत्पन्न वह बच्चा भी जिसे बता देता है जो किसी दूसरे को भूमि का जनक नहीं जानता, हम से स्तुत जो देवों के व्रत जानता है वह (वायु) इन्द्र है। १६

३३ जो सोम की कामना वाला, अश्वों का स्वामी, प्रेरक है, जिससे सब भुवन डरते हैं, जो हिम-गरमी को दूर करता, अकेला ही वीर है, हे जनो ! वह [शूद्र-शिरोमणि] इन्द्र है। १७

३४ जो अन्नोत्पादक-पाचक के लिए धारण करता, अन्न देता, वह [किसान] सच्चा इन्द्र है। हे विश्व-व्यापी इन्द्र ! हम तेरे प्रिय-वीर बने रहें और वेद-ज्ञान का प्रचार करते रहें। १८

सूक्त ३५। इन्द्र। ऋ० १-६१

**५२३५ अस्मा इदु प्र तवसे तुराय प्रयो न हर्मि स्तोमं माहिनाय।**
**ऋचीषमायाध्रिगव ओहमिन्द्राय ब्रह्माणि राततमा॥ १**

**३६ अस्मा इदु प्रय इव प्र यंसि भराम्याङ्गूषं बाधे सुवृक्ति।**
**इन्द्राय हृदा मनसा मनीषा प्रत्नाय पत्ये धियो मर्जयन्त॥ २**

५२३७. अस्मा इदु त्यमुपमं स्वर्षां भराम्याङ्गूषमास्येन ।
मंहिष्ठमच्छोक्तिभिर्मतीनां सुवृक्तिभिः सूरिं वावृधध्यै ॥ ३

३८ अस्मा इदु स्तोमं संहिनोमि रथं न तष्टेव तत्सिनाय ।
गिरश्च गिर्वाहसे सुवृक्तीन्द्राय विश्वमिन्वं मेधिराय ॥ ४

३९ अस्मा इदु सप्तिमिव श्रवस्येन्द्रायार्कं जुह्वा समञ्जे ।
वीरं दानौकसं वन्दध्यै पुरां गूर्तश्रवसं दर्माणम् ॥ ५

४० अस्मा इदु त्वष्टा तक्षद्वज्रं स्वपस्तमं स्वर्यं रणाय ।
वृत्रस्य चिद्विदद्येन मर्म तुजन्नीशानस् तुजता कियेधाः ॥ ६

४१ अस्येदु मातुः सवनेषु सद्यो महः पितुं पपिवाञ्चार्वन्ना ।
मुषायद्विष्णुः पचतं सहीयान् विध्यद्वराहं तिरो अद्रिमस्ता ॥ ७

४२ अस्मा इदु ग्नाश्चिद् देवपत्नीरिन्द्रायार्कमहिहत्य ऊवुः ।
परि द्यावापृथिवी जभ्र उर्वी नास्य ते महिमानं परि ष्टः ॥ ८

४३ अस्येदेव प्र रिरिचे महित्वं दिवस् पृथिव्याः पर्यन्तरिक्षात् ।
स्वराळिन्द्रो दम आ विश्वगूर्तः स्वरिरमत्रो ववक्षे रणाय ॥ ९

४४ अस्येदेव शवसा शुषन्तं वि वृश्चद् वज्रेण वृत्रमिन्द्रः ।
गा न व्राणा अवनीरमुञ्चदभि श्रवो दावने सचेताः ॥ १०

४५ अस्येदु त्वेषसा रन्त सिन्धवः परि यद्वज्रेण सीमयच्छत् ।
ईशानकृद्दाशुषे दशस्यन् तुर्वीतये गाधं तुर्वणिः कः ॥ ११

४६ अस्मा इदु प्र भरा तूतुजानो वृत्राय वज्रमीशानः कियेधाः ।
गोर्न पर्व वि रदा तिरश्चेष्यन्नर्णांस्यपां चरध्यै ॥ १२

४७ अस्येदु प्र ब्रूहि पूर्व्याणि तुरस्य कर्माणि नव्य उक्थैः ।
युधे यदिष्णान आयुधान्यृघायमाणो निरिणाति शत्रून् ॥ १३

४८ अस्येदु भिया गिरयश्च दृळ्हा द्यावा च भूमा जनुषस् तुजेते ।
उपो वेनस्य जोगुवान ओणिं सद्यो भुवद् वीर्याय नोधाः ॥ १४

४९ अस्मा इदु त्यदनु दाय्येषामेको यद्वव्ने भूरेरीशानः ।
प्रैतशं सूर्ये पस्पृधानं सौवश्व्ये सुष्विमावदिन्द्रः ॥ १५

५२५० एवा ते हारियोजना सुवृक्तीन्द्र ब्रह्माणि गोतमासो अक्रन् ।
ऐषु विश्वपेशसं धियं धाः प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥ १६

५२३५ इसी बली-शीघ्रकारी-महिमायुक्त-स्तुतियोग्य-अबाधगति इन्द्र के लिए ही मैं प्रशंसा युक्त वचन और विज्ञान-वार्ताएँ प्रयुक्त करता हूं। १

३६ उसी के लिए मैं तृप्ति-कारक अन्न के समान, बाधा दूर करने के लिए उत्तमता से लेजाने वाले, प्रशंसनीय निर्दोष यान और घोष-युक्त साम-गान भेंट करता हूं। तुम उस श्रेष्ठ रक्षक-पति के लिए हृदय से ज्ञान द्वारा अपनी बुद्धियों और कर्मों को शुद्ध करो। २

३७ उसी के लिए मैं उस उपमा-योग्य, सुखद साम-गान अपने मुख से प्रयुक्त करूँ जो स्तोताओं की निर्दोष वचनों और सुन्दर निर्दोष प्रयोगों से सब की वृद्धि के लिए हो। ३

३८ उसी वाणी-वाहक के लिए मैं निर्दोष, स्व-सुखद प्रशंसा-वचन प्रेरित करता हूं जैसे शिल्पी रथ को बनाता है। विद्युद्-यान बनाने के लिए भी शत्रु-नाशक वचन कहता हूं। ४

३९ इस संसार के लिए ही, वेगवान् अश्ववत् उस वाणी से स्तुत्य-वीर-ऐश्वर्य के स्थान-यशस्वी दुर्ग-भञ्जक की प्रशंसा के लिए अन्न-ऐश्वर्य-कामना से सब के सामने वन्दना करता हूं। ५

४० उसी से शिल्पी युद्ध के लिए अधिक शक्तिशाली, अति ताप-जनक वज्र बनाता है जिस से शत्रु-नाश करता हुआ कितने ही अस्त्र-धारक सेनापति अरि-मर्मों तक पहुँच जाता है। ६

४१ उसी निर्माता के ऐश्वर्यों में व्यापक-अधिकार-सम्पन्न मैं पालक राज्य और उत्तम अन्न पाऊँ। वह बली सेनापति उसको गुप्त रूप से पाता हुआ उत्तम आहार-समान अभेद्य अरि को भी बींध देता है जैसे सूर्य मेघ को और अस्त्र-धारी जंगली सुअर को। ७

४२ इसी इन्द्र के लिए वेग से जाने वाली विजयी जनों की सेनाएँ शत्रु-[illegible] [illegible] का आश्रय लेती हैं। वह विशाल द्यौ-पृथिवियों को वश में रखता है; वे उसकी महिमा नहीं पातीं। ८

४३ इसी का सामर्थ्य द्यौ-पृथिवी-अन्तरिक्ष में अधिक बढ़ा हुआ है। स्वयं दीप्त सूर्य विश्व को वश में करने वाला, रोगों का उत्तम अरि, अपरिमित बली होकर घर में रोगों से रण के लिए आता है। ९

४४ इसी के बल से सूर्य बली मेघ को किरणों से काट देता है, जल से घिरी भूमियों को छुड़ाता है जैसे ग्वाला गौओं को, और सुख-दान में सचेत होकर अन्न आदि देता है। १०

४५ इसी के बल से सिन्धु रमणीय हैं, जिन्हें बिजली ने वज्र से भूमि के चारों ओर बनाया है। दानी को ईश बनाने वाली, दाता, शीघ्र गति के लिए शत्रु शक्ति-नाशक बिजली कार्य को सुगम बना देती है। ११

४६ अनेक गुणों का धारक, शीघ्रकारी सूर्य जल-प्रवाह बढ़ाने के लिए इसी [illegible] किरणों का प्रहार कर तिरछे प्रकाश-वेग से उसे काट देता है जैसे वाणी के वर्ण अलग किये जाते हैं। १२

४७ इसी शीघ्रकारी बिजली के श्रेष्ठ कामों का तू प्रवचन कर जो प्रशंसनीय होकर युद्ध के लिए शस्त्रास्त्र चलाती हुई बिना रुके अरिओं का नाश करती है। १३

४८ इसी बिजली-सूर्य के भय से दृढ़ पर्वत-मेघ-द्यौ-भूमि-मनुष्य काँपते हैं। उस तेज वाली को पाल में रखकर नायक भी संकेत देता हुआ शीघ्र पराक्रम करने के लिए समर्थ होता है। १४

४९ इसी इन्द्र के लिए यह प्रशंसा की जाती है कि वह बड़ी शक्ति वाला अकेला ही शासक है। वह उत्तम व्यापक किरणों वाले सूर्य में स्पर्धा करने वाली अश्वशक्ति देता और रक्षा करता है। १५

५२५० हे इन्द्र! तेरे स्तोता इसी तरह अश्वशक्ति-याजक, निर्दोष स्तुतियाँ किया करते हैं। इनमें बुद्धि-धनी तू विश्व-निरूपक बुद्धि धारण करा और सदा शीघ्र गति किया कर। १६

सूक्त ३६। इन्द्र। [ऋ० ६-२२]

६२५१. य एक इद्धव्यश् चर्षणीनामिन्द्रं तङ्गीर्भिरभ्यर्च आभिः।
यः पत्यते वृषभो वृष्ण्यावान्त्सत्यः सत्वा पुरुमायः सहस्वान्॥ १

५२ तमु नः पूर्वे पितरो नवग्वाः सप्त विप्रासो अभि वाजयन्तः।
नक्षद्दाभं ततुरिं पर्वतेष्ठामद्रोघवाचं मतिभिः शविष्ठम्। २

५३ तमीमह इन्द्रमस्य रायः पुरुवीरस्य नृवतः पुरुक्षोः।
यो अस्कृधोयुरजरः स्वर्वान् तमा भर हरिवो मादयध्यै॥ ३

६२५१ इस इन्द्र का मैं इन वाणियों से आदर करता हूं— अकेला ही मनुष्यों से ग्राह्य है, श्रेष्ठ-बली-सत्य-सर्वत्र-बहुरूप है; सब का पराभव करने वाला रक्षक है। १

५२ हमारे श्रेष्ठ रक्षक और नये शिष्य, सातों वेद-छन्दों के ज्ञाता विद्वान् उसी दोष-नाशक, मेघों में विद्यमान बली (बिजली) का वर्णन किया करते हैं। २

५३ हम उस इन्द्र से उसका ऐश्वर्य मांगते हैं जो बहुत वीरों से प्राप्य, उत्तम नेता वाला, बहुत सम्पदा-युक्त है, जो ईश्वरशक्ति-युक्त; बड़ी आयु वाला, निर्बल न होने वाला, प्रकाश-युक्त है। हे अच्छे जनों-सहित वर्तमान विद्वान! तू उसे सब प्रकार प्रयुक्त कर। ३

५४ तन्नो वि वोचो यदि ते पुरा चिज्जरितार आनशुः सुम्नमिन्द्र।
कस्ते भागः किं वयो दुध्र खिद्वः पुरुहूत पुरूवसोऽसुरघ्नः॥ ४

५५ तं पृच्छन्ती वज्रहस्तं रथेष्ठामिन्द्रं वेपी वक्वरी यस्य नू गीः।
तुविग्राभं तुविकूर्मिं रभोदां गातुमिषे नक्षते तुम्रमच्छ॥ ५

५६ अया ह त्यं मायया वावृधानं मनोजुवा स्वतवः पर्वतेन।
अच्युता चिद्वीलिता स्वोजो रुजो वि दृढा धृषता विरप्शिन्॥ ६

५७ तं वो धिया नव्यस्या शविष्ठं प्रत्नं प्रत्नवत् परितंसयध्यै।
स नो वक्षदनिमानः सुवह्मेन्द्रो विश्वान्यति दुर्गहाणि॥ ७

५८ आ जनाय द्रुह्वणे पार्थिवानि दिव्यानि दीपयोऽन्तरिक्षा।
तपा वृषन् विश्वतः शोचिषा तान् ब्रह्मद्विषे शोचय क्षामपश्च॥ ८

५९. भुवो जनस्य दिव्यस्य राजा पार्थिवस्य जगतस् त्वेषसंदृक्।
धिष्व वज्रं दक्षिण इन्द्र हस्ते विश्वा अजुर्य दयसे वि मायाः॥ ९

६०. आ संयतमिन्द्र णः स्वस्तिं शत्रुतूर्याय बृहतीममृध्राम्।
यया दासान्यार्याणि वृत्रा करो वज्रिन्त्सुतुका नाहुषाणि॥ १०

६२६१ स नो नियुद्भिः पुरुहूत वेधो विश्ववाराभिरा गहि प्रयज्यो।
न या अदेवो वरते न देव आभिर्याहि तूयमा मद्र्यद्रिक्॥ ११

५२५४ हे इन्द्र ! यदि तेरे ज्ञान-सुख को उपदेष्टा-अध्यापक पहले से प्राप्त रहे हैं तो उसे हमें भी दे। कठिनता से कार्य न हारने वाला, बहुतों से अपनाया गया, बहुत ऐश्वर्यों वाला तेरा कौनसा बल नाशक और कौन सा जीवन-दायक है ? ४

५५ उस शस्त्रास्त्र-युक्त, वाहन-युक्त बिजली को पूछते-बताते जिस (वैज्ञानिक) की वाणी बेरोक चलती, बुद्धिमती, शक्ति-शाली है वह बहुतों को वश में करने वाली, कार्य-साधक, वेग-युक्त बलदा, महान् बिजली और भूमि को अन्नादि के लिए अच्छे प्रकार पाता है। ५

५६ हे स्व-शक्ति-युक्त सुपराक्रमी; महागुणी ! तू स्वबल से मन-समान वेग वाले, पर्वत-समान दृढ़ शस्त्र से बढ़ते अरि और उसके अचल-दृढ़ नगरों का नाश कर देता है। ६

५७ हम उस बलिष्ठ (बिजली) का नवीनतम वाणी-कर्म से उपयोग करें जो बिना परिमाण की उत्तम चालक है वह सब सङ्कटों से हमें पार करती है। ७

५८ हे बलिष्ठ ! तू पृथिवी-आकाश-अन्तरिक्ष-जल प्रकाशित कर, विज्ञान-द्वेषी, द्रोही जन को सन्तप्त करके शोक-युक्त कर। ८

५९ हे अविनाशी-प्रकाशमान ! तू विजिगीषु -पार्थिव जगत् को प्रकाश दिखाने वाला है; दायें हाथ में शस्त्र धारण कर सब क्रियायें कर शत्रु की कपट भरी चालें नष्ट कर। ९

६० हे शस्त्र-धारी ! तू संयम-सहित कल्याण कर, अरि-नाशार्थ अविनश्वर सामान तय्यार कर जिससे दस्युओं को आर्य और मानव-धर्म को उत्तम वृद्धि-युक्त बनाया जा सके। १०

६१ हे बहु-प्रशंसित, सुप्रयोज्य, वैरी-नाशक देव ! सब से स्वीकरणीय, मिश्रण-अमिश्रण की उन गतियों से हमें मिल जिन्हें अविद्वान् नहीं जानता। तू मेरे सम्मुख शीघ्र प्रकट हो। ११

सूक्त ३७। इन्द्र (ऋ० ७-१९)

५२६२ यस् तिग्मशृङ्गो वृषभो न भीम एकः कृष्टीश् च्यावयति प्र विश्वाः ।
य: शश्वतो अदाशुषो गयस्य प्रयन्तासि सुष्वितराय वेदः ॥ १

६३ त्वं ह त्यदिन्द्र कुत्समावः शुश्रूषमाणस् तन्वा समर्ये ।
दासं यच्छुष्णं कुयवं न्यस्मा अरन्धय आर्जुनेयाय शिक्षन् ॥ २

६४ त्वं धृष्णो धृषता वीतहव्यं प्रावो विश्वाभिरूतिभिः सुदासम् ।
प्र पौरुकुत्सिं त्रसदस्युमावः क्षेत्रसाता वृत्रहत्येषु पूरुम् ॥ ३

६५ त्वं नृभिर्नृमणो देववीतौ भूरीणि वृत्रा हर्यश्व हंसि ।
त्वं नि दस्युञ्चुमुरिं धुनिञ् चास्वापयो दभीतये सुहन्तु ॥ ४

६६ तव च्यौत्नानि वज्रहस्त तानि नव यत् पुरो नवतिञ्च सद्यः ।
निवेशने शततमाविवेषीरहञ् च वृत्रं नमुचिमुताहन् ॥ ५

६७ सना ता त इन्द्र भोजनानि रातहव्याय दाशुषे सुदासे ।
वृष्णे ते हरी वृषणा युनज्मि व्यन्तु ब्रह्माणि पुरुशाक वाजम् ॥ ६

५२६८ मा ते अस्यां सहसावन् परिष्टावघाय भूम हरिवः परादै ।
त्रायस्व नोऽवृकेभिर्वरूथैस् तव प्रियासः सूरिषु स्याम ॥ ७

५२६९. प्रियास इत्ते मघवन्नभिष्टौ नरो मदेम शरणे सखायः ।
नि तुर्वशं नि याद्वं शिशीह्यतिथिग्वाय शंस्यं करिष्यन् ॥ ८

७० सद्यश्चिन्नु ते मघवन्नभिष्टौ नरः शंसन्त्युक्थशास उक्था ।
ये ते हवेभिर्वि पणींरदाशन्नस्मान् वृणीष्व युज्याय तस्मै ॥ ९

७१ एते स्तोमा नरां नृतम तुभ्यमस्मद्र्यञ्चो ददतो मघानि ।
तेषामिन्द्र वृत्रहत्ये शिवो भूः सखा च शूरोऽविता च नृणाम् ॥ १०

७२ नू इन्द्र शूर स्तवमान ऊती ब्रह्मजूतस् तन्वा वावृधस्व ।
उप नो वाजान् मिमीह्युप स्तीन् यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ११

५२६२ जो तीक्ष्ण सींग के बैल, तेज किरण के सूर्य, तेज लहर की बिजली के समान भयंकर एक ही सब जनों को विचलित कर देता है; वह तू सदा अदानी के धन का नियन्ता होकर दूसरे उत्तम-उत्तम के लिए धन दे देता है। १

६३ हे इन्द्र (सम्राट्) ! तू वह शस्त्र-बल पा, प्रजा की सेवा करता हुआ युद्ध में सेना-बल से इस पृथिवी के जनों के उपकारार्थ, इस शुद्र के लिए शिक्षा देता हुआ नाशक-शोषक-अन्न-दूषक को दण्डित कर । २

६४ हे नर्भय ! तू अपने प्रभाव, सब रक्षा-साधनों से अन्नादि-रक्षक उत्तम दानी की रक्षा कर, तू दुष्ट-हत्यार्थ बहु-शस्त्र-धारी, दस्यु-त्रासक की क्षेत्रों के विभाजन में रक्षा कर । ३

६५ हे अश्व-शक्ति-सम्पन्न, नरों द्वारा नर-रक्षार्थ मन वाला तू देवों की रक्षा में बहुत से बाधक दुष्टों का नाश करता है, कँपाने वाले घातक चोर-डाकू को मारकर सुला दे । ४

६६ हे वज्रधारी ! तुझ में शत्रु-च्युत करने वाले वे बल हों कि ९९ (असंख्य) शत्रु-दुर्गों का नाश कर सके और सैनिक-बस्ती में सौवें नगर में घुसकर, न छोड़ने वाले को मारे । ५

६७ हे बहुत शक्ति-युक्त इन्द्र ! तेरे वे भोजन कर-दाता दानी के लिए सदा रहते हैं । तेरे वाहन में बली अश्व और बिजली जोड़ता हूं, वेद-वाणियाँ अन्न-बल से युक्त हों । ६

६८ हे बली-अश्वपति ! तेरी इस स्तुति में हम पापों के वश में न हों; तू अघातक कवचों और सेनाओं द्वारा हमें बचा, हम विद्वानों में तेरे प्रिय हों । ७

६९ हे धनी ! हम तेरे प्रिय सखा नर तेरी शरण में सिद्धि पर हृष्ट हों । तू अतिथि-सत्कार के लिए निकटस्थ प्रशंसनीय पुरुष को नियुक्त कर । ८

७० हे पूज्य ! वेद-व्याख्याता नर तेरी सिद्धि पर सदा शीघ्र ही वेदोपदेश किया करें । जो हम हवियों से तेरी स्तुतियाँ करते हैं उन्हें तू योग्य पदों के लिए स्वीकार कर । ९

७१ हे नरों में श्रेष्ठ नेता ! तेरे लिए हमारे ये प्रशंसा-वचन हमें धन दें । पापियों के विनाश में शूर तू नेताओं का रक्षक सखा हो । १०

७२ हे स्तुत शूर इन्द्र ! सबको उत्साहित करता हुआ तू ज्ञानी होकर अपने शरीर और रक्षा से हमें बढ़ा; हमें अन्न-बल दे, हे वीरो ! तुम सदा कल्याणों से हमारी रक्षा करो । ११

## अनुवाक ५

विषय- इन्द्र- सोम-प्रार्थनादि पदार्थविद्या; इन्द्रेश्वरादि पदार्थविद्या; सूर्येश्वर-स्तुत्यादि पदार्थ-विद्या, इन्द्र-सूर्येश्वर-प्रार्थनादि पदार्थविद्या; इन्द्रेश्वर-धारणादि विद्या, त्वमिन्द्राभिभूरसि त्वं सूर्यमरोचयः। विश्वकर्मा विश्वदेवो महाँ असीत्यादि इन्द्रेश्वर-सख्यादि पदार्थविद्या।
—महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती

सूक्त ३८ । इन्द्र

५२७३-७५. आ याहि सुषुमा हि त इन्द्र सोमं पिबा इमम् । एदं बर्हिः सदो मम ॥ १

[यह ६ बार आया है, साम १६१, ६६६ में भी है, यह और अगले दो मन्त्र आ०, ब्र० पहले २०.३ में, आगे ४७ में, और ऋ० ८.१७.१-३ में भी ३-३ बार आये हैं ।]

७३ हे बिजली ! आ, हमने तेरे लिए यन्त्र तय्यार किया, इसे स्वीकार कर मेरे घर में स्थित हो ।१
७४ ,, तुझे विज्ञान के साथ लगायी २ (ऋण-धन) शक्तियाँ तरंगित हुयीं धारण करती हैं, हमें वेदमन्त्र (रेडियो से) सुना । २
७५ हे बिजली ! हम तेरा उपयोग लेते हैं, उत्तम पुत्र वाले हम तुझे बुलाते हैं । ३

७६ इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः । इन्द्रं वाणीरनूषत ॥ ४
७७ इन्द्र इद्धर्योः सचा संमिश्ल आ वचोयुजा । इन्द्रो वज्री हिरण्ययः ॥ ५
७८ इन्द्रो दीर्घाय चक्षसे आ सूर्यं रोहयद्दिवि । वि गोभिरद्रिमैरयत् ॥ ६

७६ गायक-विचारक साम-ऋग्वेदी मन्त्र-कर्म-सामगानों से इन्द्र के ही गुण वर्णन करते हैं । ४
७७ शक्तियुक्त-हितकारी इन्द्र ही दो हरियों [ऋण-धन] से मिल कर वाणी प्रकट करता है । ५
७८ इन्द्र [बिजली-चुम्बक] दूर तक देखने-दिखाने के लिए सूर्य को द्यौ लोक में चढ़ाता है जो मेघ को विशेष प्रेरणा देता है । ४

[ये तीन मन्त्र आगे भी ४७.४-६, ७०.७-६; ऋ १.७.१-३ में, सब ४-४ वार आये हैं ।]

सूक्त ३९ । इन्द्र

७९ इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः । अस्माकमस्तु केवलः ॥ १

८०-८३ [के ४ मन्त्र व्यन्त०-उद्०-इन्द्रेण०-अपा० पहले २०.२८.१-४ में पृष्ठ ६१८ पर आये हैं।]

सूक्त ४० । इन्द्र

८४ इन्द्रेण सं हि दृक्षसे संजग्मानो अबिभ्युषा । मन्दू समानवर्चसा ॥ १
८५ अनवद्यैरभिद्युभिर्मखः सहस्वदर्चति । गणैरिन्द्रस्य काम्यैः ॥ २ [आगे भी ७०.३-४]
८६ आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे । दधाना नाम यज्ञियम् ॥ ३ [ ,, ६९-१२]

८४ वायु के साथ संयुक्त सूर्य हमें सम्यक् दिखाई देता है, वे दोनों समान बल से हर्ष-प्रद हैं । १
८५ यज्ञ सूर्य की निर्दोष-प्रकाशमान-काम्य किरणों और वायु के साथ बलवान् होता है । २
५२८६ फिर वे यज्ञ-योग्य देश-पदार्थ-शक्ति पाकर बादल का गर्भ बना कर वर्षा किया करते हैं । ३

[ये अन्तिम दो मन्त्र ऋ के १.६.७-८ भी हैं, तथा पूरा सूक्त यहाँ आगे ७०.३-४ और ६९-१२ है ।]

सूक्त ४१ । इन्द्र

५२८७ इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्वृत्राण्यप्रतिष्कुतः । जघान नवतीर्नव ।। १
८८ इच्छन्नश्वस्य यच्छिरः पर्वतेष्वपश्रितम् । तद् विदच्छर्यणावति ।। २
८९ अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम् । इत्था चन्द्रमसो गृहे ।। ३

८७ अप्रतिष्कुत, न हटा इन्द्र (सूर्य-मण्डल) धारक वायु की अस्थिर शक्तियों से ९९ (असंख्य) वृत्रों (आवरण-कर्ता मेघों) को हनन करता (गति देता) है। १

८८ शीघ्रगामी मेघ का जो सिर (उच्च भाग) पर्वतों पर आश्रित रहता है उसे चाहता हुआ वह सूर्य छिन्न-भिन्न करने के स्रोत आकाश में उसे पाता है । २

८९ यहीं पर वैज्ञानिक जन गौ (पृथिवी) का प्रसिद्ध त्वष्टा (सूर्य) के आधीन गृह होना, और इसी प्रकार चन्द्रमा के घर में (सूर्य-किरणों का जाना) मानते हैं । ३

[ये ३ मन्त्र ऋ० १.८४.१३-१५ में, और अगला सूक्त ४२ भी वहाँ ८-७६-१२, ११, १० में ] है।

सूक्त ४२ । इन्द्र

९० वाचमष्टापदीमहं नवस्रक्तिमृतस्पृशम् । इन्द्रात् परि तन्वं ममे ।। १
९१ अनु त्वा रोदसी उभे क्रक्षमाणमकृपेताम् । इन्द्र यद् दस्युहाभवः ।।
९ उत्तिष्ठन्नोजसा सह पीत्वी शिप्रे अवेपयः । सोममिन्द्र चमू सुतम् ।। ३

९० मैं ८ व्याप्त पद वाली वाणी [४ वेद-४ उपवेद, २ प्रकार के नाम (जाति-व्यक्ति वाचक), २ प्रकार के आख्यात (अकर्मक-सकर्मक; आत्मने-परस्मैपद), उपसर्ग, और ३ प्रकार के निपात (उपमार्थ कर्मोपसंग्रहार्थ और पद-पूरणार्थ) ], जो नयी-प्रशंसनीय-सत्य प्राप्त कराने वाली है, उसे इन्द्र (बिजली) से फैलाकर प्राप्त करूँ और जानूँ । १

९१ बिजली जब दुष्ट-नाशक हो जाती है तो द्यावा-पृथिवी (पुरुष-स्त्री) उसके पीछे अनुकूल हो कर समर्थ हो जाते हैं। २

९२ अपनी शक्ति से उच्च स्थिति-प्राप्त बिजली सोम-तत्त्व पाकर बली सेना में प्रयुक्त की जाकर उसका सञ्चालन करती है । ३

सूक्त ४३ । इन्द्र । (ऋ० ८.४५.४०-४२)

९३ भिन्धि विश्वा अप द्विषः परि बाधो जही मृधः । वसु स्पार्हं तदा भर ।। १
९४ यद्वीलाविन्द्र यत् स्थिरे यत् पर्शाने पराभृतम् । ,, २
९५ यस्य ते विश्वमानुषो भूरेर्दत्तस्य वेदति । ,, ३

९३ हे इन्द्र! तू सब द्वेषियों को दूर भगा, बाधाओं -शत्रुओं का नाश कर,उस चाहने-योग्य धनको दे। १
९४ हे इन्द्र ! जो धन वीर-सेना-स्थिर जन-मेघ-विकट स्थान में है वह, ,, । २
५२९५ (,,) विश्व के मनुष्य तेरे दिये जिस बहुत दान को जानते-पाते हैं वह, ,, । ३

[ये मन्त्र ऋ० मण्डल ८ के सूक्त पैंतालीस के चालीस-इकतालीस-बयालीस में भी हैं। ]

सूक्त ४४ । इन्द्र । [ऋ० ८-१६]

५२९६. प्र सम्राजं चर्षणीनामिन्द्रं स्तोता नव्यं गीर्भिः । नरं नृषाहं मंहिष्ठम् ॥ १

९७ यस्मिन्नुक्थानि रण्यन्ति विश्वानि च श्रवस्या । अपामवो न समुद्रे ॥ २

९८ तं सुष्टुत्या विवासे ज्येष्ठराजं भरे कृत्नुम् । महो वाजिनं सनिभ्यः ॥ ३

सेनाओं में दीप्त, नायक, नरों को वश में करने वाली अत्यन्त श्रेष्ठ विद्युत का वाणियों से वर्णन करो।

जिसमें सब सुनने-कहने-योग्य गुण-प्रवाह, समुद्र में जल-तरङ्ग-समान, विद्यमान हैं।

उस दीप्त, युद्ध में लाभ के लिए काम करने वाली, वेगयुक्त, ज्योतिर्मय बिजली का वर्णन-प्रयोग करूँ।

सूक्त ४५ । इन्द्र ( ऋ१-३० )

९९ अयमु ते समतसि कपोत इव गर्भधिम् । वचस्तच्चिन्न ओहसे ॥ १

५३०० स्तोत्रं राधानां पते गिर्वाहो वीर यस्य ते । विभूतिरस्तु सूनृता ॥ २

१ ऊर्ध्वस् तिष्ठा न ऊतयेऽस्मिन् वाजे शतक्रतो । समन्येषु ब्रवावहै ॥ ३

हे प्रयोक्ता तेरा ही है। बन्दरगाह पर जल के जहाज-समान सङ्गत हो। तू हमारे वचन सुन।

हे धन-पति, वाणी-वाहक, ! तेरी विभूति सच्ची है। तेरी प्रशंसा हो।

हे सैकड़ों कर्म करने वाली बिजली ! तू इस युद्ध में हमारी रक्षा के लिए उच्च होकर रह।

अन्यों में हम दो (तार-दूर-भाष से)बात किया करें।

सूक्त ४६ । इन्द्र ऋ ८-१६-१०-१२

२ प्रणेतारं वस्यो अच्छा कर्तारं ज्योतिः समत्सु । सासह्वांसं युधामित्रान् ॥ १

३ स नः पप्रिः पारयाति स्वस्ति नावा पुरुहूतः । इन्द्रो विश्वा अति द्विषः ॥ २

४ स त्वं न इन्द्र वाजेभिर्दशस्या च गातुया च । अच्छा च नः सुम्नं नेषि ॥ ३

अच्छे प्रकार उत्तम ऐश्वर्य देने वाली, युद्धों में प्रकाश-दायक, शत्रु-नाशक बिजली का प्रयोग हो।

अनेक रीति से प्रयुक्त पालक बिजली नावों से कल्याण करती है; सब शत्रुओं से पार लगाती है।

हे बिजली ! वह तू हमें अपनी शक्तियों से सुख दे; मार्ग दिखा, अच्छे प्रकार सुख की ओर ले चल।

सूक्त ४७ । इन्द्र

५ तमिन्द्रं वाजयामसि महे वृत्राय हन्तवे । स वृषा वृषभो भुवत् ॥ १

६ इन्द्रः स दामने कृत ओजिष्ठः स मदे हितः । द्युम्नी श्लोकी स सोम्यः ॥ २

७ गिरा वज्रो न संभृतः सबलो अनपच्युतः । ववक्ष ऋष्वो अस्तृतः ॥ ३

८—१० इन्द्रमिद्० [ बार— पहले क्रमांक ५२७६—७८, आगे २०-७०। ऋ १.७.१-३]

११—१३ आ याहि० [६ बार— ,, ५२२७-२९, ५३७३-७५ ऋ८-१७, सा १९१,... ]

१४—१६ युञ्जन्ति० [६ बार— ,, ५१८३-८५, आगे ५४५७—५९, ऋ१-६। य२३-५-७ सा१४६५

१७-२५ उदु त्यं० से अयुक्त० तक ९ [पहले १३-२-१६—२४ क्रमाङ्क ५२७९-८७ तक]

ऋ १-५०-१—९। य ७-४१।८-४१।३३-३१-३२। साम १—५। ६-१४-१३

५३०५ उस विद्युत को हम बड़ा शत्रु मारने के लिए वेगयुक्त करते हैं, वह बली-सुख-वर्षक हो।१
६ वह बली होकर शत्रु-दमन, हर्ष-प्राप्ति में प्रयुक्त की जाती, द्युति-युक्त-प्रशसंनीय और अन्नदाता है।२
७ वज्र-समान वह वेद-वाणी से पुष्ट, बली, न नाश-योग्य, गतिशील-बेरोक होकर भार ढोती है।
८-१० [अर्थ पहले २०-३८ में पृष्ठ ६२६ पर है।] ४-६
११-१३[ ;; ]७-६
१४-१६ २३ के ३-८ ६१७ पर । १०-१२
१७-२५ १३.२.१६-२४ में पृष्ठ ४४५ पर है। १३-२१

सूक्त ४८। सूर्य-गौ

५३२६ अभि त्वा वर्चसा गिरः सिञ्चन्तीराचरण्यवः। अभि वत्सं न धेनवः ॥ १
२७ ता अर्षन्ति शुभ्रियः पृञ्चन्तीर्वर्चसा प्रियः। जातम् जात्रीर्यथा हृदा ॥ २
२८ वज्रापवसाध्यः कीर्तिर्म्रियमाणमावहन्। मह्यमायुर्घृतं पयः ॥ ३
२९ आयङ्गौः पृश्निरक्रमीदसदन् मातरं पुरः। पितरञ्च प्रयन्त्स्वः ॥ ४
३० अन्तश्चरति रोचना अस्य प्राणादपानतः। व्यख्यन्महिषः स्वः ॥ ५
३१ त्रिंशद्धामा वि राजति वाक् पतङ्गो अशिश्रियत्। प्रति वस्तोरहर्द्युभिः ॥ ६

जैसे गौएँ बच्चे को दूध से सींचती हैं वैसे ही सब ओर से आती वाणियाँ सूर्य को वर्च से। १
वे शुभ्र-प्रिय वाणियाँ वर्च-सहित तुम्हारे सम्पर्क करती हैं जैसे माताएँ बच्चे को हृदय से। २
शक्ति-पवित्रता-पूर्ण वह मृत-समान मुझे यश-आयु-घी-दूध देता है। ३
नाना रूप-रङ्ग वाली यह पृथिवी अन्तरिक्ष में माता-जल-सहित पूर्व-ओर पिता-सूर्य की परिक्रमा किया करती है। ४
प्राण-अपान-क्रिया करते हुए वह सूर्यज्योति संसार के अन्दर व्याप्त होती है, महान सूर्य द्यौ में गति करता है। ५
सूर्य दिन-रात ३० मुहूर्तों में किरण-सहित प्रति-घर प्रति-दिन विराजता है। ६

सूक्त ४९। इन्द्र

३२ यच्छक्रा वाचमारुहन्नन्तरिक्षं सिषासथः। सं देवा अमदन् वृषा ॥ १
३३ शक्रो वाचमधृष्टायोरुवाचो अधृष्णुहि। मंहिष्ठ आ मदर्दिवि ॥ २
३४ शक्रो वाचमधृष्णुहि धामधर्मन् विराजति। विमदन् बर्हिरासरन् ॥ ३
३५ तं वो दस्ममृतीषहं वसोर्मन्दानमन्धसः।
अभि वत्सं न स्वसरेषु धेनव इन्द्रङ्गीर्भिर्नवामहे ॥
३६. द्युक्षं सुदानुं तविषीभिरावृतङ्गिरिं न पुरुभोजसम्।
क्षुमन्तं वाजं शतिनं सहस्रिणं मक्षू गोमन्तमीमहे ।।५
५३७ तत्त्वा यामि सुवीर्यं तद् ब्रह्म पूर्वचित्तये।
येना यतिभ्यो भृगवे धने हिते येन प्रस्कण्वमाविथ ॥ ६

५३३८ येना समुद्रमसृजो महीरपस् तदिन्द्र वृष्णि ते शवः ।
सद्यः सो अस्य महिमा न संनशे यं क्षोणीरनुचक्रदे ॥ ७

जब वर्षक बली सूर्य प्रकाश फैलाता है तब समर्थ देव वाणी-आरोहण (साम-गान) को करते और आनन्द पाते हैं । १

शक्ति-शाली होकर अजेय सूर्य के लिए वाणी का प्रयोग कर, शक्ति-हीन न बन, महान् वह द्यौ में प्रकाशमान होता है । २

(हे मनुष्य !) शक्तिमान् तू वाणी अशक्त न कर । वह प्रत्येक धारण-योग्य व्यवहार में विराजता है, प्रकाशमान होकर अन्तरिक्ष में प्रकट होता है । ३

जैसे गौएँ बच्चे के प्रति प्रेमपूर्वक रम्भाती हैं वैसे ही हम दुःख-नाशक, क्लेशहारी, धन से आनन्द-दायक इन्द्र को अपने वचनों से प्रशंसा करते हैं । ४

द्यौ में स्थित, उत्तम दानी, शक्तियों से युक्त, मेघ-समान अन्न-दाता, पर्वत-समान अचल, सैकड़ों हजारों लोकों के स्वामी, उत्तम-किरण-युक्त सूर्य पाकर हम (स्वास्थ्य की) याचना करें ५

मैं तुझ से उस उत्तम वीरता और अन्न की याचना करता हूं जिससे पूर्व-ज्ञान के लिए यत्न-शील तू परिपक्व-मेधावी की हितकारी धन में रक्षा करता है । ६

हे इन्द्र (सूर्य) ! क्योंकि तू समुद्र में जल बढ़ाता है वह तेरा वर्षा-कारी सामर्थ्य है जिसे द्यौ-भूमि निरन्तर चाहते हैं । इस की वह महिमा आजतक किसी ने नहीं पायी । ७

सूक्त ५० । इन्द्र

५३३९ कन्नव्यो अतसीनां तुरो गृणीत मर्त्यः ।
नही न्वस्य महिमानमिन्द्रियं स्वर्गृणन्त आनशुः ॥ १

४० कदु स्तुवन्त ऋतयन्त देवत ऋषिः को विप्र ओहते ।
कदा हवं मघवन्निन्द्र सुन्वतः कदु स्तुवत आ गमः ॥ २

सूक्त ५१ । इन्द्र

जीवों में कौन मनुष्य प्रशंसनीय है जो शीघ्र इसके कर्म की प्रशंसा कर सके ? प्रशंसा करते हुए भी हम इसकी ऐश्वर्य-महिमा नहीं जान सकते । १

हे विद्वन् ! कितने स्तोता सत्य-धर्म चाहते हैं ? कौन मन्त्र-द्रष्टा सब प्रकार विचार कर सकता है ? हे इन्द्र ! तत्त्व पाने के इच्छुक स्तोता की पुकार तक तू कब कैसे पहुंचता है २

सूक्त ५१ । इन्द्र (सूर्य-विद्युत्)

४३४१ अभि प्र वः सुराधसमिन्द्रमर्च यथा विदे ।
यो जरितृभ्यो मघवा पुरूवसुः सहस्रेणेव शिक्षति ॥ १

४२ शतानीकेव प्र जिगाति धृष्णुया हन्ति वृत्राणि दाशुषे ।
गिरेरिव प्र रसा अस्य पिन्विरे दत्राणि पुरुभोजसः ॥ २

४३ प्र सु श्रुतं सुराधसमर्चा शक्रमभिष्टये ।
यः सुन्वते स्तुवते काम्यं वसु सहस्रेणेव मंहते ॥ ३

४३४४ शतानीका हेतयो अस्य दुष्टरा इन्द्रस्य समिषो महीः ।
गिरिर्न भुज्मा मघवत्सु पिन्वते यदीं सुता अमन्दिषुः ॥ ४

५३४१ यथार्थ ज्ञान के लिए उत्तम धन-दाता उस इन्द्र के गुण वर्णन कर जो महाधनी स्तोताओं के लिए हजारों प्रकार से देता है । १

४२ वह सैकड़ों सेनाओं-समान धर्षक तेजसे आगे बढ़ता, दानी के लिए मेघों का नाश करता है। बहुत अन्न-दाता मेघ-समान उसके रस-दान सबको सींचते रहते हैं। २

४३ अभीष्ट पाने के लिए उस विख्यात सुधनी शक्ति-शाली के गुण-वर्णन कर जो तत्वज्ञ स्तोता के लिए हजारों प्रकार से मन-चाहा धन देता है। ३

४४ उस इन्द्र की शक्तियाँ-अस्त्र-शस्त्र सैकड़ों सेनाओं में काम आते, दुर्लंघ्य हैं और महान् अन्न सम्यक् पार लगाने वाले हैं। जब मेघ-समान वह गति-युक्तों में अन्नादि भोज्य पदार्थ देता है तो वे बढ़कर हृष्ट होते हैं। ४

सूक्त ५२ । इन्द्र (सेनापति)

४५ वयङ्घ त्वा सुतावन्त आपो न वृक्तबर्हिषः ।
पवित्रस्य प्रस्रवणेषु वृत्रहन् परि स्तोतार आसते ॥ १

४६ स्वरन्ति त्वा सुते नरो वसो निरेक उक्थिनः ।
कदा सुतं तृषाण ओक आगम इन्द्र स्वब्दीव वंसगः ॥ २

४७ कण्वेभिर्धृष्णवा धृषद् वाजं दर्षि सहस्रिणम् ।
पिशङ्गरूपं मघवन् विचर्षणे मक्षू गोमन्तमीमहे ॥ ३

हे दुष्ट-नाशक (सेनापति) ! सोम वाले हम वृद्धि पाने वाले प्रशंसक, जल-समान पवित्र धाराओं में बहते हुए तेरी सेवा में छाया करें । १

हे श्रेष्ठ ! प्रशंसक जन सोम बनने पर तुझको पुकारते हैं, तू तृषित होकर घर पर सोम-पानार्थ, सुन्दर तालाब को तृषित बैल-समान, कब आया करेगा ? २

हे निर्भय ! तू मेधावियों द्वारा चाहा, हजारों का उपकारी दृढ़ बल हमें दिला, हे धनी दूरदर्शी! हम तुझ से वाणी-सम्पन्न तेजस्वी रूप शीघ्र पावें । ३

सूक्त ५३ । इन्द्र

४८ क ईं वेद सुते सचा पिबन्तङ्कद्वयो दधे ।
अयं यः पुरो विभिनत्योजसा मन्दानः शिप्र्यन्धसः ॥ १

४९ दाना मृगो न वारणः पुरुत्रा चरथं दधे ।
नकिष्ट्वा नि यमदा सुते गमो महाँश्चरस्योजसा ॥ २

५६५० य उग्रः सन्ननिष्टृतः स्थिरो रणाय संस्कृतः ।
यदि स्तोतुर्मघवा शृणवद्धवं नेन्द्रो योषत्या गमत् ॥ ३

४८ इस संसार में उसे कौन जान सकता है जो मेल के साथ तत्त्व-रस पीता है। वह कितना सामर्थ्य रखता है जो तेजस्वी-मुख होकर शत्रु-किले सरलता से तोड़ देता है । १

जैसे जंगली हाथी मद से बहुत तोड़-फोड़ करता स्वच्छन्द घूमता है, वैसे ही हे सेनापति ! तुझे कोई नहीं रोक सकता । इस संसार में तू महान् होकर आता,बल से महान् होकर विचरता है । २

जो उग्र कभी हराया नहीं जाता, दृढ़ होकर रण के लिए उद्यत रहता है। यदि वह महाधनी इन्द्र, स्तोता की पुकार सुन ले तो अलग न रहे , पास अवश्य आ जाये । ३

सूक्त ५४ । इन्द्र

५३५१ विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरं सजूस् ततक्षुरिन्द्रञ्जजनुश्च राजसे ।
क्रत्वा वरिष्ठं वर आमुरिमुतोग्रमोजिष्ठं तवसं तरस्विनम् ।। १

५२ समीं रेभासो अस्वरन्निन्द्रं सोमस्य पीतये ।
स्वर्पतिं यदीं वृधे धृतव्रतो ह्योजसा समूतिभिः ।। २

५३ नेमिं नमन्ति चक्षसा मेषं विप्रा अभिस्वराः ।
सुदीतयो वो अद्रुहोऽपि कर्णे तरस्विनः समृक्वभिः ।। ३

सब अरि-सेनाओं को जीतने वाले, कर्म-व्यवहार में उत्तम; दुष्ट-नाशक-उग्र-ओजस्वी-महाबली को सब मिलकर राज्य का सेनापति बनाते और प्रसिद्ध करते हैं । १

स्तोता सोम-पान के लिए सुख-रक्षक पति को बुलाते हैं वह वृद्धि के लिए अपनी ओज-रक्षाओं से व्रत धारण करता है । २

बुद्धिमान्-अद्रोही-विद्वान् -श्रवण में तीव्र अपनी दर्शन-अर्चनाओं के साथ उस नेता -राजा-सेनापति के लिए नमते हैं । ३

सूक्त ५५ । इन्द्र

५४ तमिन्द्रञ्जोहवीमि मघवानमुग्रं सत्रा दधानमप्रतिष्कुतं शवांसि ।
मंहिष्ठो गीर्भिरा च यज्ञियो ववर्तद् राये नो विश्वा सुपथा कृणोतु वज्री ।। १

५५ या इन्द्र भुज आभरः स्वर्वाँ असुरेभ्यः ।
स्तोतारमिन् मघवन्नस्य वर्धय ये च त्वे वृक्तबर्हिषः ।। २

५६ यमिन्द्र दधिषे त्वमश्वङ्गां भागमव्ययम् ।
यजमाने सुन्वति दक्षिणावति तस्मिन् तं धेहि मा पणौ ।। ३

मैं उस इन्द्र को स्वीकार करूँ जो उग्र, सच्चे बल का धारक, बेरोक गति वाला; उदार-यज्ञानुष्ठाता, शस्त्रास्त्र-धारी हो, हमें गौ-सम्पन्न बनाये और धन के लिए सब मार्ग उत्तम बनाये । १

हे मघवन् इन्द्र! इन्द्र तू जो आदर-भागी असुरियों से छीने उससे प्रशंसनीय याज्ञिक जन बढ़ा । २

हे राजन ! जो अश्व-गौ-अक्षय धन तू रखता है उसे पर-उपकारी-याज्ञिक-ज्ञानी, सर्वोन्नति चाहने वाले के लिए दे, कृपण के लिए नहीं । ३

सूक्त ५६ । (इन्द्र)

५७ इन्द्रो मदाय वावृधे शवसे वृत्रहा नृभिः ।
तमिन् महत्स्वाजिषूतेमर्भे हवामहे स वाजेषु प्र नोऽविषत् ।। १

५८ असि हि वीर सेन्योऽसि भूरि परादादिः ।
असि दभ्रस्य चिद वृधो यजमानाय शिक्षसि सुन्वते भूरि ते वसु ।। २

५३५९ यदुदीरत आजयो धृष्णवे धीयते धना ।
युङ्क्ष्वा मदच्युता हरी कं हनः कं वसौ दधोऽस्माँ इन्द्र वसौ दधः ।। ३

५६३० मदेमदे हि नो ददिर्यूथा गवामृजुक्रतुः ।
सङ्गृभाय पुरू शतोभया हस्त्या वसु शिशीहि राय आ भर ॥ ४
६१ मादयस्व सुते सचा शवसे शूर राधसे ।
विद्मा हि त्वा पुरूवसुमुप कामान्त्ससृज्महेऽथा नोऽविता भव ॥ ५
६२ एते त इन्द्र जन्तवो विश्वं पुष्यन्ति वार्यम् ।
अन्तर्हि ख्यो जनानामर्यो वेदो अदाशुषां तेषां नो वेद आ भर ॥ ६

५७ दुष्ट-नाशक सेनापति मनुष्यों द्वारा हर्ष-बल के लिए बढ़ाया जाता है। उसे ही बड़े-छोटे युद्धों में हम बुलायें, वह हमें युद्धों में बचाये। १

हे वीर ! तू ही सेना का हितकारी; बहुत प्रकार से शत्रु-दूरकर्ता, छोटे को भी बढ़ाने वाला है। सोम-सम्पादक याज्ञिक के लिए तू अपना बहुत धन देता है। २

जब युद्ध आरम्भ होते हैं तब विजय के लिए धन मिलता है। हे सम्राट्! तू किसे मारता और किसे धन के बीच में रखता है ? हमें धन के बीच में रख। ३

सत्य-कर्मा तू आनन्द के प्रत्येक अवसर पर हमें गो-समूह देता है। दानों हाथों तू बहुत सैकड़ों धन एकत्र कर और दे, हमें धन से भर दे। ४

हे शूर ! तू इस जगत् में सदा मेल के साथ बल-धन के लिए आनन्द दे । हम तुझे ही अधिक श्रेष्ठ जानें और अपनी कामनाएँ पूरी करें; तू हमारा रक्षक हो। ५

हे राजन् ! ये मनुष्य तेरे लिए सब स्वीकरणीय पदार्थ पुष्ट करें । तू मनुष्यों में स्वामी होकर अदानियों का धन जान और उसे हम दानियों के लिए दे। ६

सूक्त ४७ । इन्द्र (परमात्मा)

५६६३ सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे । जुहूमसि द्यवि द्यवि ॥ १
६४ उप नः सवना गहि सोमस्य सोमपाः पिब । गोदा इद् रेवतो मदः ॥ २
६५ अथा ते अन्तमानां विद्याम सुमतीनाम् । मा नो अति ख्य आ गहि ३
६६ शुष्मिन्तमं न ऊतये द्युम्निनं पाहि जागृविम् । इन्द्र सोमं शतक्रतो ॥४
६७ इन्द्रियाणि शतक्रतो या ते जनेषु पञ्चसु । इन्द्र तानि त आ वृणे ॥ ५
६८ अगन्निन्द्र श्रवो बृहद् द्युम्नं दधिष्व दुष्टरम् । उत्ते शुष्मं तिरामसि ॥ ६
६९ अर्वावतो न आ गह्यथो शक्र परावतः उ लोको यस्ते अद्रिव इन्द्रेह तत आ गहि ॥ ७
७० इन्द्रो अङ्ग महद्भयमभीषदप चुच्यवत् । स हि स्थिरो विचर्षणिः ॥ ८
७१ इन्द्रश्च मृडयाति नो न नः पश्चादघं नशत् । भद्रं भवाति नः पुरः ॥ ९
७२ इन्द्र आशाभ्यस् परि सर्वाभ्यो अभयङ्करत् । जेता शत्रून् विचर्षणिः ॥ १०
७३ कई० ११ [देखो ५३४८]
॥ १२
५६७४ दाना० [ ,, ५१४९]

५३७५-७८ [पहले ५०, ४५-४७] ॥ १३-१६

६३ हम रक्षा के लिए दिन-दिन, दुहने के लिए सुगम दुही जाने वाली गो-समान, सुन्दर रूप-देने वाले ईश्वर की उपासना करें। १ [पहले तीन मन्त्र आगे सूक्त ६८ में भी हैं।]

६४-६५ [पिछला और ये दो ऋ. १-४ में भी हैं।] हे सोम (जगत्) के पालक! तू उपासना में हमारे पास रह, हमारी भक्ति स्वीकार कर, धनी तेरा हर्ष हमें ज्ञान-प्रद ही है। २। और तुम्हारी अन्तिम प्रमाण सुमतियों को जानें-पायें, हमें न छोड़, आ जा। ३

६६- ७२ [ये ७ मन्त्र पहले २०-१.७, क्रमांक ५१३१- ३७ पृष्ठ ६१३ पर आ चुके हैं।

७३-७८ [ पहले क्रमाङ्क ५३४८-५० और ४५-४७ पर आये हैं ] ११-१६

सूक्त ५८ । सूर्य । [ऋ ८.९९-१०२, य. अ० तैत्तो.त.४०-४२,साम ]

७९ श्रायन्त इव सूर्यं विश्वेदिन्द्रस्य भक्षत ।
वसूनि जाते जनमान ओजसा प्रतिभागं न दीधिम ॥ १

८० अनर्शरातिं वसुदामुप स्तुहि भद्रा इन्द्रस्य रातयः ।
सो अस्य कामं विधतो न रोषति मनो दानाय चोदयन् ॥ २

८१ बण्महाँ असि सूर्य बडादित्य महाँ असि ।
महस्ते सतो महिमा पनस्यतेऽद्धा देव महाँ असि ॥ ३

८२ बट् सूर्य श्रवसा महाँ असि सत्रा देव महाँ असि ।
मह्ना देवानामसुर्यः पुरोहितो विभु ज्योतिरदाभ्यम् ॥ ४

हे मनुष्यो! तुम सूर्य का आश्रय लेते हुए इन्द्र की शक्ति से सभी वस्तुओं का उपभोग करो उत्पन्न हुए और होने वाले जगत् में हम प्रत्येक का भाग नियत करें। १

हे मनुष्य! तू अश्लीलता-रहित दान वाले, धन-दाता सूर्य के गुण वर्णन कर, उसके दान कल्याण-कारी हैं। वह कर्मशील का मन दान के लिए उत्साहित कर उसकी कामना नष्ट नहीं करता। २

हे अविनाशी सूर्य! तू सचमुच महान् है, तुझ सच्चे महान् की महिमा गायी जाती है, हे देव! तू निश्चय ही महान् है। ३

हे सूर्य! तू निश्चय ही धन से महान् है, हे देव! तू सचमुच महान् है। अपनी महत्ता से तू देवों का प्राण-दाता, पुरोहित, व्यापक; और न दबने वाली ज्योति है। ४

सूक्त ५९ । इन्द्र

८३ उदु त्ये०, ८४ कण्वा० [ देखो ५०६०-६१, पृष्ठ ६०४ ]।,१-२

८५ उदिन्न्वस्य रिच्यतेंऽशो धनं न जिग्युषः ।
य इन्द्रो हरिवान्न दभन्ति तं रिपो दक्षं दधाति सोमिनि ॥ ३

८६ मन्त्रमखर्वं सुधितं सुपेशसं दधात यज्ञियेष्वा ।
पूर्वीश्चन प्रसितयस्तरन्ति तं य इन्द्रे कर्मणा भुवत् ॥ ४

५३८५ विजयी-समान उसका धन अंश-अंश करके बढ़ता ही जाता है जो इन्द्र शक्ति वाला है; उसे शत्रु नहीं दबा पाते; वह सोम-युक्त में बल धारण कराता है ५।

८६ तुम यज्ञीय व्यवहारों में दर्प-नाशक, पूर्ण-हितकारी, सुन्दर-कोमल मन्त्र धारण करो। परम्परागत उत्तम प्रबन्ध उसे पार लगा देते हैं जो कर्म से इन्द्र में निमित्त हो जाता है। ४

सूक्त ६०। इन्द्र

८७ एवा ह्यसि वीरयुरेवा शूर उत स्थिरः। एवा ते राध्यं मनः॥ १

८८ एवा रातिस् तुवीमघ विश्वेभिर्धायि धातृभिः। अधा चिदिन्द्र मे सचा॥ २

८९ मो षु ब्रह्मेव तन्द्रयुर्भुवो वाजानां पते। मत्स्वा सुतस्य गोमतः॥ ३

९० एवा ह्यस्य सूनृता विरप्शी गोमती मही। पक्वा शाखा न दाशुषे॥ ४

९१ एवा हि ते विभूतय ऊतय इन्द्र मावते। सद्यश्चित् सन्ति दाशुष॥ ५

९२ एवाह्यस्य काम्या स्तोम उक्थञ् च शंस्या। इन्द्राय सोमपीतये॥ ६

निश्चय ही तू वीरों को चाहने वाला शूर-स्थिर ही है; तेरा दिया मन बड़ाई-योग्य है। १

,, हे बहुत धनी इन्द्र! तेरा दान सब धारकों द्वारा धारण किया जाता है अतः मेरा साथी हो। २

हे अन्न-पति! ब्रह्मा-समान तू आलसी कभी न बन, वेद-वाणी-युक्त तत्त्व-रस का आनन्द भोग। ३

निश्चय ही इस की प्रिय सच्ची वेद-वाणी विविध-स्पष्ट वर्णन करने वाली सुख-दायिनी-श्रद्धा-योग्य है, वह दानी के लिए पके फल-फूल वाली शाखा-समान हो। ४

हे इन्द्र! ऐसी ही तेरी विभूतियाँ दानी मुझे रक्षार्थ शीघ्र मिल जाती हैं। ५

इसके मनोहर प्रशंसनीय गुण और कथनीय कर्म भक्ति के स्वीकारार्थ इन्द्र के ही हैं। ६

सूक्त ६१। इन्द्र (परमात्मा)

९३ तं ते मदङ्गृणीमसि वृषणं पृत्सु सासहिम्। उ लोककृत्नुमद्रिवो हरिश्रियम्॥ १

९४ येन ज्योतींष्यायवे मनवे च विवेदिथ। मन्दानो अस्य बर्हिषो वि राजसि॥ २

९५ तदद्या चित्त उक्थिनोऽनुष्टुवन्ति पूर्वथा। वृषपत्नीरपो जया दिवेदिवे॥ ३

९६ तम्वभि प्र गायत पुरुहूतम्पुरुष्टुतम्। इन्द्रङ्गीर्भिस्तविषमा विवासत॥ ४

९७ यस्य द्विबर्हसो बृहत् सहो दाधार रोदसी। गिरीं रज्राँ अपः स्वर्वृषत्वना॥ ५

९८ स राजसि पुरुष्टुत एको वृत्राणि जिघ्नसे। इन्द्र जैत्रा श्रवस्या च यन्तवे॥ ६

हे चराचर के अत्ता (प्रलय-कर्ता)! तेरे उस सुख-वर्षक हर्ष की हम प्रशंसा करते हैं जो संघर्षों में सहनशीलता देता है, लोक-निर्माता है और मनुष्यों में शोभा-धन देता है। १

जिस हर्ष से तू प्रगतिशील मननशील जन के लिए ज्योतियाँ प्रकट करता और प्रसन्न होकर उसके हृदय में विराजता है। २

अतः आज भी तेरे स्तोता तेरी स्तुति करते और तू प्रतिदिन धर्म-पालित प्रजा की जय करता है। ३

९६ हे मनुष्यो! बहु-प्रशंसित और पुकारे गये महान् इन्द्र का सब तरह से गान करो और वाणियों से उसकी सराहना करो। ४

५३९७-९८ दोनों (अभ्युदय-निःश्रेयस) दृष्टियों से बढ़ाने वाले जिनके महान् बल ने द्यौ-पृथिवी, मेघ-जल धारण किये, वह बहु-स्तुत इन्द्र! तू पाप-नाशक है, और विजयी-कर्म-नियामक है। ५-६

## बालार्क-वेदमन्दिर के ग्रन्थ

लेखक— श्री जगदीश आचार्य, ई १६३८, राजाजीपुरम्, लखनऊ ।

१ अष्टाध्यायी महा परिष्कार । मूल्य ५१)

काशिका महा परिष्कार [प्रथम भाग (१-२ अध्याय)] मूल्य ७०

मिलने का पता— १. रामलाल कपूर ट्रस्ट, बहालगढ़ (सोनीपत हरयाणा)
२. चौखम्बा संस्कृत सीरीज, पो० चौखम्बा, वाराणसी ।

## ❀ समाचार ❀

दिसम्बर ९२ के अन्त में सम्पन्न गुरुकुल आमसेना की रजत-जयन्ती पर २२०० ईसाई शुद्ध हुए। स्वामी श्रद्धानन्द-बलिदान-दिवस २३-२५ दिस० ९२ को सर्वत्र मनाया गया ।

आर्यसमाज सान्ताक्रूज बम्बई में भी, इसके साथ ४६ वाँ वार्षिकोत्सव भी २५-२७ तक सम्पन्न हुआ । अयोध्या के बाबरी ढाँचे के ध्वंस पर पुनः मस्जिद-निर्माण का और भा० ज० पा० की सरकारों के हटाने का घोर विरोध किया गया। १४-१ से २५-१ तक निःशुल्क योग-शिविर लगा ।

शिवरात्रि पर १६-२-९३ को महर्षि दयानन्द-बोधोत्सव सर्वत्र होगा, टंकारा में ऋषि-मेला होगा।

शोक है कि नीचे लिखे महानुभावों का देहान्त हो गया—

श्री क्षितीश वेदालंकार दिल्ली (७६) २३-१२-९२ को, आ० पुरुषोत्तम दिल्ली १८-१२ को, श्री रामलाल मलिक दिल्लीका ३०-१२को, गु. झज्झर के ३ ब्रह्म. सत्यपाल-सत्यवीर-महावीर का बसदुर्घटना में६-१को ,श्री लाड़ली प्रसाद कक्कड़ लखनऊ(९०) ८-१-९३ को, संजीव(पुत्र महा० धर्मपाल) दिल्ली १०-१ को।

## उ. प्र. संस्कृत अकादमी, ९०-९१ के पुरस्कार

१९९० और १९९१ में प्रकाशित ग्रन्थों पर पुरस्कारार्थ आवेदन-तिथि ३१-१-९३ तक है

पृ० २४. वर्ष १७ अङ्क २, तपः (माघ) ※ आ-ज्योति※ फरवरी १९९३, न.६९२१।६२ डाक लख २०६

श्रीमन् ! नमस्ते, आप का वर्ष २-२-९३ को पूर्ण हो चुका, कृपया वार्षिक शुल्क ४०) शीघ्र भेजिये ।

# वैदिक दैनन्दिनी फाल्गुन २०४९विक्रम

| तिथि | नक्षत्र | वार | तारीख | शौच | व्यायाम | आसन | प्राणायाम | सन्ध्या | हवन | स्वाध्याय | सतसङ्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फा.कृ १ | आर्द्रा | रवि | ७ फर्वरी ९३ | | | | | | | | |
| २ | मघा | सोम | ८ | | | | | | | | |
| ३ | पूर्वा फल्गुनी | मङ्गल | ९ | | | | | | | | |
| ४ | उत्तरा हस्त | बुध | १० | | | | | | | | |
| ५ | चित्रा | गुरु | ११ | | | | | | | | |
| ६ | स्वाति | शुक्र | १२ | | | | | | | | |
| ७ | विशाखा | शनि | १३ | | | | | | | | |
| ८ | अनुराधा | रवि | १४ | | | | | | | | |
| ९ | ज्येष्ठा | सोम | १५ | | | | | | | | |
| १० | मूल | मंगल | १६ | | | | | | | | |
| ११ | पूर्वाषाढा | बुध | १७ | | | | | | | | |
| १२ | उत्तराषाढा | गुरु | १८ | | | | | | | | |
| १३ | ,, शिवरात्रि | शुक्र | १९ | | | | | | | | |
धारणा के पीछे उसी देश में ध्यान करने और आश्रय लेने के योग्य जो अन्तर्यामी परमेश्वर है इसके प्रकाश और आनन्द में अत्यन्त विचार और प्रेम-भक्ति के साथ इस तरह प्रवेश करना कि जैसे समुद्र के बीच में नदी। तब ईश्वर को छोड़ कर किसी अन्य पदार्थ का स्मरण नहीं करना किन्तु उसी अन्तर्यामी के स्वरूप के ज्ञान में मग्न हो जाना इसीका नाम ध्यान है। ये ७ अङ्ग समाधि हैं।

ऋग्वेदादि-भाष्य-भूमिका

प्रश्न — मूर्त पदार्थों के विना ध्यान करते कैसे बनेगा?

उत्तर— शब्द का आकार नहीं, तो भी ध्यान में आता है वा नहीं? आकाश का आकार नहीं तो भी आकाश का ज्ञान करने में आता है वा नहीं जीव का आकार नहीं, तो भी जीव का ध्यान होता है वा नहीं? ज्ञान-सुख-दुःख-इच्छा-द्वेष-प्रयत्न के नष्ट होते ही जीव निकल जाता है यह किसान भी समझता है। .. साकार का ध्यान कैसे करोगे? साकार के गुणों का ज्ञानाकार होने तक ध्यान नहीं बनता अर्थात् सम्भव नहीं होता कि ज्ञान के पहले ध्यान हो जाये। देखो एक सूक्ष्म परमाणु के भी अधम-मध्यम-उत्तम ऐसे अनेक विभाग ज्ञान-बल से कल्पना में आते हैं। अब कोई ऐसा कहे कि मुट्ठी में क्या पदार्थ है? तो विदित होने तक मुट्ठी की ओर देखने ही से केवल उस पदार्थ का ध्यान कैसे करें? तो इससे मेरा यही कहना है कि प्रत्यक्ष के सिवाय उस पदार्थ को जानने के लिए और भी दृढ़तर सबल उपाय हैं। (उपदेश० उपदेश ४।

# शतपथ ब्राह्मण

## अध्याय एक, ब्राह्मण एक

अग्ने त्वं पुरीष्यो रयिमाँ पुष्टिमाँ असि ।
शिवा कृत्वा दिशः सर्वाः स्वं योनिमिहासदः ॥
भवतं नः समनसौ सचेतसावरेपसौ ।
मा यज्ञं हिंसिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः ॥ [य १२.५६-६०]

ये ४ मन्त्र अहिंसा के लिए पढ़ता है कि दोनों अग्नियाँ परस्पर हिंसा न करें । ३८
४ ही निवाप करता है । अन्न ही पशु हैं, उन्हीं से यह संज्वा करता है । ३९
उसको खाली न देखे, यदि देखेगा तो वह गम लेगी । ४०
अब इस में रेता डालता है जो वैश्वानर आग का वीर्य है उसको ही इसमें सींचता है। ४१
अब इस उखा को न जलने के कारण छोड़ता है । जब तक यह प्रयोग में थी इस ने आग रूपी वीर्य रक्खा था, उसको गार्हपत्य में स्त्री-समान उत्पन्न कर दिया अब नया धारण करती है । ४२

मातेव पुत्रम् पृथिवी वरेण्यम् अग्निं स्वे योनावभारुखा ।
तां विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः सं विदानः प्रजापतिर्विश्वकर्मा वि मुञ्चतु ॥ य१२.६१

उखा ने अपनी योनि में आग रक्खी जैसे माता पुत्र को गोद में रखती है। ऋतुओं के साथ मिलकर विश्वकर्मा प्रजापति उसको मुक्त करे । ४३
अब इसमें दूध-वीर्य डालता है। उखा स्त्री है अतः जब वीर्य रक्खेगी तो दूध भी रक्खेगी। नीचे रेता उपरि दूध; नीचे वीर्य उपरि दूध । इसे मध्य में डालता है ताकि पुरुष-मिथुन रख सके । ४४

## ब्राह्मण २

प्रजापति ने प्रजा रची । रचकर थका । मध्य से प्राण और वीर्य निकला । उससे अन्न हुआ जिस से आँख काम करती और प्राणी जीवित रहते हैं । १
वे देव बोले — इस के अतिरिक्त प्रतिष्ठा नहीं अतः इसी पिता प्रजापति से संस्कार करायें, वही हमारी प्रतिष्ठा होगी । २
वे अग्नि से बोले — यह प्रजापति अन्न है, हम तेरे मुख से यह अन्न खाते हैं, हमारा यह तेरे मुख से मिले । अतः देव अग्नि-मुख से खाते हैं । सभी देवों की आहुति आग में ही दी जाती है । ३-४
जो प्राण था वह वायु; वीर्य आदित्य, जो अन्न था वही यह वार्षिक अन्न हुआ । ५
उसे देवों ने आग में छोड़ दिया । उसी से प्राण-वीर्य-अन्न का संस्कार कर उपरि भेज दिया इसी से ये लोक हुए । ६
उन्हीं में यही भूलोक है । इससे आग प्राण, अन्तरिक्ष आत्मा, वायु ही आत्मा में प्राण, द्यौ ही इसका सिर, सूर्य-चन्द्र दो नेत्र हैं । जो सूर्य पर आश्रित हुआ उस चन्द्र से अन्न हुआ । ७
यही भू वह प्रतिष्ठा है जिसका देवों ने संस्कार किया वही यह आज भी प्रतिष्ठा है । ८
प्रजापति ने जो विस्रंसन किया वही यह अग्नि है जिसका चयन किया जाता है । उखा का खाली पड़ा रहना वही दशा बताता है जो प्राण-वीर्य-अन्न के निकलने पर प्रजापति की थी । ९

उस उखा को आग में रखता है। इसमें जो आग आती है वह वही पहले निकला प्राण है। रुक्म रखता है जो पहले का वीर्य और समिधाएँ रखता है जो पहले का अन्न है। १० [अर्ध प्रपा. ५४]

उन्हें सायं-प्रातः रखता है, दिन और रात में अन्न निकला था वे ये पूरे वर्षभर होते रहते हैं। संवत्सर प्रजापति है जिससे ये निकले उसी में सब होते रहते हैं। वामकक्षायण का कहना है कि केवल ऋतु में ही नहीं, वर्षभर सब करे. ऐसा न हो कि पिता प्रजापति को विच्छिन्न देखूँ। ११

उसका गार्हपत्य ही यह लोक है। आह्वनीय-गार्हपत्य के मध्य अन्तरिक्ष है, आग्नीध्रीय में आग वायु है। आहवनीय ही द्यौ है, उसकी आग सूर्य-चन्द्र हैं; वह इसकी यह आत्मा ही है। १२

उसका सिर ही आहवनीय, वहाँ की आग शीर्ष-प्राण पक्ष-पुच्छ वाला, चक्ष सिर; दो कान दो चक्षु, मध्य प्राण आत्मा गार्हपुच्छ प्रतिष्ठा है क्योंकि वे प्राणों से अन्न खाकर रहते हैं। १३

जो यह अन्तरात्मा में प्राण है वह इसकी प्रतिष्ठा ही निचला प्रा है। १४

कोई ९ निचले प्राण बताकर ३ चयन करते हैं, किन्तु ऐसा न करे। वे २१ की, अनुष्टुप्-बृहती की सम्पत्ति को खण्डित करते हैं। ए ही के ये भेद हैं जिनसे मल-मूत्र होता है। १५

अब सम्पत्ति ही देखो। २१ इष्टका, ६ यजुः, सादन-सूददोहा मिलकर यह ३२ की अनुष्टुप् है। १६

२१ ही परिधियाँ हैं। व्युदूहन-क्षार-रेता-मिट्टी के यजु, ४ से संनिवाह, ५ वें स विमोचन, तब तीन मिलकर ३२ की अनुष्टुप् हुई। १७

अब ये दो यजुः, ये दैव-मानुष, उच्च-धीमी वाणी के दो रूप हैं। १८

वे ये ३ हुए इन्हीं में सब लोक हैं; एक आहवनीय-द्यौ-सिर, दूसरा यह गार्हपत्य-पृथिवी। १९

अब जो ये दो यजु हैं वे दोनों के मध्य का छोटा अन्तरिक्ष है, २०

वह इस ३ प्रकार विहित वाणी अनुष्टुप् में यह आग प्राण होकर संचरित होती है, आहवनीय में आग-प्राण यह आदित्य, आग्नीध्रीय-आग में व्यान रूप वायु है जो यह चलती है। जो गार्हपत्य में आग है वह उदान है जो इस लोक में है ऐसा जानकर ही सब वाणी-सब प्राण-सब आत्मा का संस्कार करता है। २१

कहते हैं कि गार्हपत्य के पश्चात् ही आहवनीय तथा धिष्ण्य क्यों चुनता है? इसका उत्तर है-पहले ये दोनों एक थे; अलग होने पर बीच में आकाश, पहले का 'ईक्ष' अन्तरिक्ष कहलाया क्योंकि अन्तरा भी हो गया। पृथिवी-द्यौ पहले बने। वापस लौटकर धिष्ण्य [कुण्ड] बनाये कि यज्ञ करने में व्यवधान न हो अन्त के दोनों के बनने के पश्चात् ही मध्य का निर्माण होता है। २३

# हा ! श्री मदन मोहन शास्त्री !

जन्म १५-६-१९२४ । जन्म-स्थान गुलवर्गा । देहान्त ५-३-१९९३; इचलकरंजी । आयु ७० वर्ष ।

अनुकरणीय था उज्ज्वल चरित्र सुन्दर सुमधुर कथा-वाचक ।
जन-जन के प्रिय निरभिमानी थे थे वेद-मार्ग के सम्पादक ।।
वेदादि शास्त्रों के ज्ञाता थे वह हमें बिलखता छोड़ गये ।
वह क्रूर काल के ग्रास बने एक पल में नाता तोड़ गये ।।
इस गाड़ी का न टायम-टेबिल न मास-दिवस कोई डेट नहीं ।
रहे ना टी० टी० दे ना सीटी होती देखी कभी लेट नहीं ।।
दो दिन का रैन-बसेरा जग है, उठकर यात्री चले गये ।
प्रेरणा-दायक स्मृतियों को छोड़ मदन-मोहन शास्त्री चले गये ।।

—स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती, दिल्ली ।

सौम्य सुसज्जन सरस स्नेही औ सुशील साधु से स्वभाव से सभी के मन भा गए ।
वेद के सुपण्डित व्याख्याता मधुर-भाषी थे यज्ञ-कर्मकाण्ड की प्रवीणता को पा गए ।
महर्षि दयानन्द-न्यास-मन्त्री-पद पाय पाकर परम पद आप कैसे छा गए ।।
शास्त्री मदनमोहन मद नहीं मोह नहीं पीयूष को छोड़ प्रभु-गोद में समा गए ।।

—श्री पन्नालाल 'पीयूष' अजमेर

आर्यजगत् में सिद्धिप्राप्त थे एक बड़े विद्वान, कर्मकांड में अति प्रवीण थे बड़ा विशद था ज्ञान
वेदआदि शास्त्रों के ज्ञाता कर्मठ भी निष्णात, अर्थज्ञान या चार वेद का थे अति रत विद्वान।
लेखक थे, उपदेशक भी थे वेदकथा का गान, यत्र तत्र करते प्रचार भी शास्त्री गुणी महान् ।।
अनुकरणीय व्यक्तित्व-धनी वे करते रहे प्रचार. अपना कार्य स्वयं थे करते कर्मठता-संचार।।
दयानन्द-निर्वाण-न्यास के मंत्री-पद का भार किया निर्वहन कर्तव्यों का कार्य रखा संसार।
सस्वर पाठी चतुर्वेद के हृदय-ग्राह्य संचार, वेद-प्रचारी रहे सदा हो कितने थे उपकार ।।
कई कराए यज्ञ उन्होंने क्या संख्या बतलाय, आर्यजगत् में छाप छोड़ दी वेदमार्ग दिखला
८४ से अब तक सेवा न्यास हुआ सम्पन्न, ९३ में देह त्याग दी हम हो उठे विपन्न ।।
दुखद निधन है शून्य दे गया सौंपा हमको भार. सत्य सिद्ध होगी श्रद्धांजलि करके वेदप्रचार

—ऐच, १, रविशंकर शुक्ल मार्केट, शिवाजीनगर भोपाल ।

## शास्त्री जी का प्रिय गीत

शान्ति कीजिए प्रभु त्रिभुवन में ।। शान्ति० ।।
जल में थल में और गगन में अन्तरिक्ष में अग्नि पवन में ।
औषधि वनस्पति वन उपवन में सकल विश्व में जड़-चेतन में ।। शान्ति० ।।

# अथर्ववेदीय प्रश्न उपनिषद् में १६ कलाएँ

पिप्पलाद ऋषि के पास जाकर ६ जिज्ञासुओं ने वर्षभर तप-ब्रह्मचर्य-श्रद्धा-पूर्वक रहकर ६ प्रश्न किये। १. कबन्धी कात्यायन— प्रजाएँ कहाँ से उत्पन्न होती हैं ?

२. भार्गव वैदर्भि — प्राण को कितने देव धारण, कितने प्रकाशित करते कौन वरिष्ठ है ?

३ कौशल्य आश्वलायन—शरीर में प्राण कहाँ से, कैसे, किसके आता; विभक्त होकर रहता; कैसे छूटता; इसका बाह्य-आन्तरिक जगत् से कैसा संबन्ध है ?

४. सौर्यायिणी गार्ग्य — कौन सोता-जागता-स्वप्न देखता, किसे सुख होता, इसका आधार क्या ?

५. शैब्यपुत्र सत्यकाम— प्राणान्त तक ओ३म का ध्यान करे तो किस लोक को जीतता ?

६.सुकेशा भारद्वाज— सोलह कलाओं वाला पुरुष कौन है ?

कौशल्य राजकुमार हिरण्यनाभ उत्तर न दे सका था। पिप्पलाद ने उत्तर दिया कि यहीं पर मनुष्य-शरीर में ही वह पुरुष है जिसमें १६ कलाएँ उत्पन्न होती हैं। वे ये हैं—

१ प्राण २ श्रद्धा ३-७ पृथिवी-जल-अग्नि-वायु-आकाश ८ पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ (घ्राण-रसना-नेत्र -त्वचा-श्रोत्र) ६ मन १०-१५ अन्न-वीर्य-तप-कर्म-मन्त्र (वेद)-लोक (उत्तम आवास) स्थान १६ नाम (उत्तम नाम, तदनुसार कर्म और यश)। १६ कला वाला ईश्वर भी षोडशी है—

यस्मान् न जातः परो अन्यो अस्ति य आ विवेश भुवनानि विश्वा।

प्रजापतिः प्रजया संरराणस् त्रीणि ज्योतींषि सचते स षोडशी ॥ (यजुर्वेद ३२-५)

यह यजु ८-३६, ऋ० भा० भू०, आर्याभिविनय में भी है; वहाँ पहली कला इच्छा [ईक्षण] को माना, क्रमशः कर्म-लोक छोड़ दिये, 'लोक लोकों के नाम' को एक माना, नहीं तो संख्या १७ होगी। केन उपनिषद् में पहले ईक्षण का निर्देश है। जैमिनि उ० ब्रा० १-४६, ४-२४ में भिन्नता है।

# गोपथ में ओ३म्

अथर्ववेद के ब्राह्मण ग्रन्थ गोपथ में पूर्वभाग के प्रपाठक १ की सोलह से तीस कण्डिका तक ओम् के सम्बन्ध में छत्तीस प्रश्नोत्तर दिये हैं—

प्रश्न उत्तर प्रश्न उत्तर प्रश्न उत्तर

१ धातु क्या है ? आप्लृ, अव। २ क्या प्रातिपदिक ? कृदन्त। ३-४ क्या नाम-आख्यात ? नाम। ५-७ लिङ्ग-वचन-विभक्ति ? समान, अव्यय। ८ कौन प्रत्यय ? ६ मनिन्। कौन स्वर है ? उदात्त। १० उपसर्ग क्या है ? कुछ नहीं। ११ क्या निपात है ? हाँ। १२ व्याकरण क्या ? मनिन्, उणादि। १३ विकार क्या ? आप-आव, आ-उ ओं, अव-उठ, अ-उ ओ। अवतेश टिलोपश्च। १-१-१४२ १४ कौन विकारी है ? आप्लृ व्याप्तौ, अव रक्षण-गति-कान्ति-प्रीति-तृप्ति-अवगम-प्रवेश-श्रवण-स्वामी-अर्थ-याचन-क्रिया-इच्छा-दीप्ति-अवाप्ति-आलिङ्गन-हिंसा-आदान-भाव-वृद्धिषु। १५ कितनी मात्राएँ ? ३ प्लुत, १ म् की। १६ कितने वर्ण हैं? दो. आ-म्। १७ कितने अक्षर हैं ? एक। १८ कितने पद ? एक। १६ कौन संयोग है ? कुछ नहीं। २० स्थान क्या है ? कंठ-ओष्ठ। २१ अनुप्रदान-करण क्या ? विवृत, स्पृष्ट। २२ शिक्षक क्या बोलते ? ओम्। २३ छन्द देवी गायत्री। २४ वर्ण ? श्वेत, पहली मात्रा रक्त। २५-३० मन्त्र-कल्प-ब्राह्मण-ऋग्-यजु-साम क्या हैं ? व्याहृति है। ३१ आदि में क्यों बोलते हैं। पूज्य होने से। ३२-३५ देवता-ज्योतिष-निरुक्त-स्थान-प्रकृति क्या हैं ? ब्रह्म- विष्णु-ईशान-सब देवता हैं। ३६ अध्यात्म क्या है ? मोक्ष, यह आत्मा का भेषज है।

इन्द्र के ५ प्रश्न — १- ओं क्या है ? उत्तर- ऋ० में स्वरितोदात्त, यजु में त्रैस्वर्योदात्त। साम में दीर्घ प्लुतोदात्त, अथर्व में ह्रस्वोदात्त। अ-उ दो पद उदात्त हैं, साढ़े४ मात्राएँ हैं। यह ब्रह्मपुत्र है।

ओ३म्

महर्षि वायु पर आविर्भूत

# यजुर्वेद संहिता
# (अ० १-४०)

## पदच्छेद-सहित सरल हिन्दी अनुवाद

अनुवादक, भाष्यकार तथा सम्पादक, प्रकाशक तथा मुद्रक—
वेदर्षि वेदाचार्य, वीरेन्द्र सरस्वती, ऐम० ए०, काव्यतीर्थ,
अध्यक्ष, विश्व वेदपरिषद्, आदर्श प्रेस, सी ८१७ महानगर लखनऊ ,२२६००६ दूरभाष ७१५०१
२५० प्रतियाँ आषाढ़ पूर्णिमा २०५० वि०, जुलायी १९९३ ई० मूल्य ५०) पचास रुपये

# यजुर्वेद

## अ० १ के ऋषि-देवता-छन्दः-स्वर

ऋषि— १-३१ परमेष्ठी प्रजापति।

देवता— १-३-१०-२०-२५-२६ सविता; २-७-१४-१५-२१-२७ से ३१ तक यज्ञ, ४ ९ विष्णु; ५-८-११ १०-१६ २३ अग्नि । ६ प्रजापति । १२ आपः-सविता । १३ इन्द्र-अग्नि-यज्ञ । १६ वायु-सविता । २२ अग्नि-सविता । २४ द्यौ-विद्युत् ।

७ छन्दों के क्रमशः ७ ही स्वर होते हैं, उन्हें स्मरण कर -स्वयं जान लें ।

१ गायत्री २ उष्णिक् ३ अनुष्टुप् ४ बृहती ५ पंक्ति ६ त्रिष्टुप ७ जगती ।

१ षडज २ ऋषभ ३ गान्धार ४ मध्यम ५ पंचम ६ धैवत ७ निषाद ।

छन्दों के अक्षरों में एक कम वाले को निचृद्, एक अधिक वाले को भुरिग्, २ कम वाले को विराट् २ अधिक वाले को स्वराट् कहते हैं । यह भेद भी पाठक स्वयं समझ लें ।

पहले अध्याय के छन्द— मन्त्र एक-तेरह-अठारह बृहती, ब्राह्मी उष्णिक् २-५-६-सोलह-अठारह-२०-२२ -२७-२९ त्रिष्टुप् । ३-७-ग्यारह-चौदह-पन्द्रह-३०-एकतीस जगती । ४-एकतीस अनुष्टुप् । ६-पन्द्रह-सत्तरह-अठारह-इक्कीस-२४-२६-२८ पंक्ति । ८ अतिजगती । १० बृहती, बारह [illegible] । सोलह-इक्कीस-२२ गायत्री ।

वेद में आगे-पीछे के व्यञ्जन-सहित केवल एक स्वर को ही एक अक्षर गिना-माना जाता है ।

मन्त्र-संख्या १९७५

| अ० | मन्त्र | अ० | मन्त्र | अ० | मन्त्र | अ० | मन्त्र | अ० | मन्त्र | अ० | मन्त्र | अ० | मन्त्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ३१ | २ | ३४ | ३ | ६३ | ४ | ३७ | ५ | ४३ | ६ | ३७ | ७ | ४८ |
| ८ | ६३ | ९ | ४० | १० | ३४ | ११ | ८३ | १२ | ११७ | १३ | ५८ | १४ | ३१ |
| १५ | ६५ | १६ | ६६ | १७ | ९९ | १८ | ७७ | १९ | ९५ | २० | ९० | २१ | ६१ |
| २२ | ३४ | २३ | ६५ | २४ | ४० | २५ | ४७ | २६ | २६ | २७ | ४५ | २८ | ४६ |
| २९ | ६० | ३० | २२ | ३१ | २२ | ३२ | १६ | ३३ | ९७ | ३४ | ५८ | ३५ | २२ |
| ३६ | २४ | ३७ | २१ | ३८ | २८ | ३९ | १३ | ४० | १७ | | | | |

ओ३म्



# अथ यजुर्वेद प्रतृण्ण पद संहिता

## अध्याय १

ऋषि परमेष्ठीप्रजापति, देवता सविता, छन्द भाग तक बृहती; पश्चात् ब्राह्मी उष्णिक स्वर मध्यम-ऋषभ

१ ओ३म् इषे त्वा ऊर्जे त्वा वायवः स्थ; देवः वः सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्मणे, आप्यायध्वम्, अघ्न्याः इन्द्राय भागम् प्रजावतीः अनमीवाः अयक्ष्माः, मा वः स्तेनः ईशत मा अघशंसः, ध्रुवा अस्मिन् गोपतौ स्यात बह्वीः यजमानस्य पशून् पाहि ॥

२ वसोः पवित्रम् असि द्यौः असि पृथिवी असि मातरिश्वनः घर्मः असि विश्वधा असि । परमेण धाम्ना दृंहस्व मा ह्वाः मा ते यज्ञपतिः ह्वार्षीत् ॥

३ वसोः पवित्रम् असि शतधारम् वसोः पवित्रम् असि सहस्रधारम् ।
देवः त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्वा काम् अधुक्षः ॥

४ सा विश्वायुः सा विश्वकर्मा सा विश्वधायाः ।
इन्द्रस्य त्वा भागं सोमेन आतनच्मि विष्णो हव्यं रक्ष ॥

५ अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तत् शकेयं तत् मे राध्यताम् ।
इदं अहं अनृतात् सत्यम् उप एमि ॥

६ कः त्वा युनक्ति सः त्वा युनक्ति कस्मै त्वा युनक्ति तस्मै त्वा युनक्ति ।
कर्मणे वां वेषाय वाम् ॥

७ प्रत्युष्टम् रक्षः प्रत्युष्टाः अरातयः निष्टप्तं रक्षः निष्टप्ता अरातयः ।
उरु अन्तरिक्षं अनु एमि ॥

८ धूः असि धूर्व धूर्वन्तं धूर्व तं यः अस्मान् धूर्वति तं धूर्व यं वयं धूर्वामः ।
देवानां असि वह्नितमं सस्नितमं पप्रितमं जुष्टतमं देवहूतमम् ॥

९ अह्रुतम् असि हविर्धानम् दृंहस्व मा ह्वाः मा ते यज्ञपतिः ह्वार्षीत् ।
विष्णुस् त्वा क्रमताम् उरु वाताय अपहतं रक्षः यच्छन्ताम् पञ्च ॥

## यजुर्वेद–विषय-सूची अध्याय १

| मन्त्र | विषय | मन्त्र | विषय | मन्त्र | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | ईश्वर-प्रार्थनादि । | २ | वसु आद्यनेकनामेश्वरस्य पदार्थविद्या | ४ | धर्म उपदेशप्रार्थनादि पदार्थ० |
| ७ | दुष्ट-निवारणार्थेश्वर० । | ८ | ईश्वरस्योत्तमत्वादि ,, ,, | १२ | निष्पवादि ,, ० |
| १३ | हव्यशोधनाग्न्यादि० | १६ | ईश्वरप्रार्थना-धर्मोपदेशादि० | २० | प्राणाद्यनेकनामेश्वरादि० |
| २५ | ओषधि-शत्रु-वधादि० | २६ | द्वेष-त्यागादि० | ३१ | तेजोऽसीत्याद्यनेक नामेश्वरादि० |

१० देवस्य त्वा सवितुः प्रसवे अश्विनोः बाहुभ्यां पूष्णः हस्ताभ्याम् ।
अग्नये जुष्टं गृह्णामि अग्नीषोमाभ्यां जुष्टं गृह्णामि ॥

११ भूताय त्वा न अरातये स्वःअभि विख्येषं दृंहन्तां दुर्याः पृथिव्यां उरुअन्तरिक्षंअन्वेमि
पृथिव्याः त्वा नाभौ सादयामि अदित्या उपस्थे अग्ने हव्यं रक्ष ॥

१२ पवित्रे स्थः वैष्णव्यौ सवितुः वः प्रसवे उत्पुनामि अच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य
रश्मिभिः । देवीः आपः अग्रेगुवः अग्रेपुवः अग्रे इमम् अद्य यज्ञम् नयत
अग्रे यज्ञपति सुधातुं यज्ञपति देवयुवम् ॥

१३ युष्माः इन्द्रः अवृणीत वृत्रतूर्ये यूयम् इन्द्रम् अवृणीध्वं वृत्रतूर्ये प्रोक्षिताः स्थ ।
अग्नये त्वा जुष्टम् प्रोक्षामि अग्नी-षोमाभ्यां त्वा जुष्टं प्रोक्षामि । दैव्याय
कर्मणे शुन्धध्वं देवयज्यायै यद् वः अशुद्धा पराजघ्नुः इदं वः तत् शुन्धामि ॥

१४. शर्म असि अवधूतं रक्षः अवधूता अरातयःअदित्याः त्वग् असि प्रति त्वा अदितिःवेत्तु ।
अद्रिः असि वानस्पत्यः ग्रावा असि पृथुबुध्नः प्रति त्वा अदित्याः त्वक् वेत्तु ॥

१५ अग्नेः तनूः असि वाचः विसर्जनं देववीतये त्वा गृह्णामि बृहद्ग्रावा असि वानस्पत्यः ।
स इदं देवेभ्यः हविः शमीष्व सुशमि शमीष्व । हविष्कृद् एहि हविष्कृद् एहि ॥

१६ कुक्कुटः असि मधुजिह्व इषं ऊर्जं आ वद त्वया वयं सङ्घातं सङ्घातं जेष्म ।
वर्षवृद्धमसि प्रति त्वा वर्षवृद्धं वेत्तु परापूतं रक्षः परापूताः अरातयः अपहतं रक्षः
वायुः वा वि विनक्तु देवः वः सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णातु अच्छिद्रेण पाणिना ॥

१७. धृष्टिः असि अप अग्ने अग्निम् आमादम् जहि निष्क्रव्यादम् सेधा देवयजं वह ।
ध्रुवम् असि पृथिवीं दृंह ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनि सजातवनि उपदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय ॥

१८ अग्ने ब्रह्म गृभ्णीष्व धरुणम् असि अन्तरिक्षम् दृंह ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनि
सजातवनि उपदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय । धर्त्रम् असि दिवं ,, ,,
,, । विश्वाभ्यः त्वा आशाभ्यः उप दधामि चितः
स्थ ऊर्ध्वचितः भृगूणाम् अङ्गिरसां तपसा तप्यध्वम् ॥

१९ शर्म असि अवधूतं रक्षः अवधूताः अरातयः अदित्याः त्वग् असि प्रति त्वा अदितिः वेत्तु । धिषणा असि पर्वती प्रति त्वा अदित्याः त्वग् वेत्तु । दिवः स्कम्भनीः असि धिषणा असि पार्वतेयी प्रति त्वा पर्वती वेत्तु ।।

२० धान्यं असि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वा उदानाय त्वा व्यानाय त्वा । दीर्घां अनु प्रसितिं आयुषे धां देवः वः सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णातु अच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषे त्वा महीनां पयः असि ।।

२१ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवे अश्विनोः बाहुभ्यां पूष्णः हस्ताभ्याम् । सं वपामि सम् आपः ओषधीभिः सं ओषधयः रसेन । सं रेवतीः जगतीभिः पृच्यन्तां सम् मधुमतीः मधुमतीभिः पृच्यन्ताम् ।।

२२ जनयत्यै त्वा संयौमि इदम् अग्नेः इदम् अग्नीषोमयोः इषे त्वा घर्मः असि विश्वायुः उरुप्रथाः उरु प्रथस्व उरु ते यज्ञपतिः प्रथताम् । अग्निः ते त्वचम् मा हिंसीद् देवः त्वा सविता श्रपयतु वर्षिष्ठे अधि नाके ।।

२३ मा भेः मा सं विक्थाः अतमेरुः यज्ञः अतमेरुः यजमानस्य प्रजा भूयात् । त्रिताय त्वा द्विताय त्वा एकताय त्वा ।।

२४ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवे अश्विनोः बाहुभ्यां पूष्णः हस्ताभ्याम् । आददे अध्वरकृतं देवेभ्यः इन्द्रस्य बाहुः असि दक्षिणः सहस्रभृष्टिः शततेजा वायुः असि तिग्मतेजा द्विषतः वधः ।।

२५ पृथिवि देवयजनि ओषध्याः ते मूलम् मा हिंसिषम् व्रजं गच्छ गोष्ठानं वर्षतु ते द्यौः बधान देवसवितः परमस्यां पृथिव्यां शतेन पाशैः यः अस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः तम् अतः मा मौक् ।।

२६ अप अररुम् पृथिव्यै देवयजनाद् वध्यासम् व्रजम् ..... मौक् । अररो दिवम् मा पप्तः द्रप्सः ते द्यां मा स्कन् व्रजम् ... मौक् ।।

२७ गायत्रेण त्वा छन्दसा परि गृह्णामि त्रैष्टुभेन त्वा ... । जागतेन त्वा ... । सुक्ष्मा च असि शिवा च असि स्योना च असि सुषदा च असि ऊर्जस्वती च असि पयस्वती च।

२८ पुरा क्रूरस्य विसृपः विरप्शिन् उदादाय पृथिवीम् जीवदानुम् याम् ऐरयन् चन्द्रमसि स्वधाभिः तां उ धीरासः अनुदिश्य यजन्ते । प्रोक्षणीः आसादय द्विषतः वधः असि ।।

२९ प्रत्युष्टम् रक्षः प्रत्युष्टाः अरातयः निष्टप्तम् रक्षः निष्टप्ताः अरातयः ।। अनिशितः असि सपत्नक्षिद् वाजिनं त्वा वाजेध्यायै सम्मार्जिम । प्रत्युष्ट...अरातयः अनिशिता असि सपत्नक्षिद् वाजिनीं त्वा वाजेध्यायै सम्मार्जिम ।

३० अदित्यै रास्ना असि विष्णोः वेष्पः असि ऊर्जे त्वा अदब्धेन चक्षुषा अव पश्यामि ।। अग्नेः जिह्वा असि सुहूः देवेभ्यः धाम्ने धाम्ने मे भव यजुषे यजुषे ।।

३१ सवितुः त्वा प्रसवे उत् पुनामि अच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः । ,, वः ... रश्मिभिः । तेजः असि शुक्रम् असि अमृतं असि धाम नाम असि प्रियं देवानां अनाधृष्टं देवयजनम् असि ।।

# यजुर्वेद अध्याय १

(ज्ञान-कर्म, अन्नबल) के लिए [मैं परमात्मा जन्म देता हूं] ।
१ (१) [हे जीव ! ] तुझे इष-ऊर्जे (ज्ञान-कर्म, अन्नबल) के लिए
(२) [हे जीवो ] तुम वायु (गति-युक्त) हो ।
(३) तुम्हें देव सविता (मैं तथा सूर्य-पिता-विद्वान्) श्रेष्ठतम कर्म (यज्ञ आदि) के लिए अर्पित करे।
(४) तुम आप्यायित-तृप्त-उन्नत होओ ।
(५) हे अहिंसनीय जीवो ! तुम इन्द्र (ऐश्वर्य-परमेश्वर-वायु-बिजली) के लिए भजनीय को (भजो) ।
(६) हे प्रजा वाली नीरोग, यक्ष्मा-रहित अहिंसनीय गौओ (भूमियो-इन्द्रियो-वाणियो) ! तुम
पर स्तेन (शैतान-दुष्ट-चोर-डाकू) और पापी शासन न करे, तुम्हारा स्वामी चोर-पापी न हो
(७-८) इस गौ-पति के पास तुम बहुत और अटल रहो । हे ईश, यजमान के पशुओं की रक्षा कर।
सविता-गौ के अनेक अर्थ होने से श्लेष अलंकार है ।
मन्त्र में वायु शब्द आने से उस ऋषि का नाम वायु हुआ जिस पर यह यजुर्वेद प्रकट हुआ ।
२ [हे मनुष्य ! ] तू वसु (यज्ञ-निवास-घर-व्रत) का पवित्र-कर्ता, विज्ञान-प्रकाशक, पृथिवी-स्थि
विस्तृत, वायु का शोधक, विश्व का धारक है । तू परम धाम, उत्तम घर, मोक्ष से दृढ़ बत
मत डर मत काँप, कुटिल न बन, तेरा यज्ञ-पति न काँपे; कुटिल न हो; प्रभु तुझे न, त्यागेन
३ हे मनुष्य ! तू वसु का सैकड़ों-हजारों धाराओं वाला पवित्र (ज्ञान-कर्म) है, देव सवित।
वसु के पवित्र शत धार से तुझे सुन्दर-पवित्र कर्म से पवित्र करे । तूने किस वेद-गौ को दुहा ?।
४ वह वेद-वाणी जो सबको पूर्ण ज्ञान-प्रदा, सब कर्म-साधक, सब की धारक है । तुझ इन्द्र को
साम [ज्ञान-आनन्द] से [illegible] हूं । हे विष्णु व्यापक परमात्मा और यज्ञ ! तू हव्य की रक्षा कर।
५ परमात्मा- हे [illegible] मनुष्य ! मैं नियम बताऊँगा, उसमें समर्थ हूं, मेरा वह
सिद्ध हो, वह मैं असत्य से हटाकर सत्य को देता हूं ।
मनुष्य- हे व्रतपति परमात्मा ! मैं व्रत पालन करूँगा, उसे कर सकूँ, मेरा वह पूरा सिद्ध हो।
यह मैं असत्य से हटकर सत्य के पास आता हूं ।
६ कौन तुझे नियुक्त करता है ? वही सुख-रूप प्रजापति । किस के लिए नियुक्त करता है ? उसके
लिए । कर्म और वेष (विद्या-व्याप्ति के लिए तुम दोनों स्त्री-पुरुषों को नियुक्त करता है ।
७ राक्षस [दुष्ट-दुष्टता-रोग-क्रिमि], कृपण-शत्रु हटा दिये, निर्मूल किये, अब बड़े अन्तरिक्ष में पहुँचूँ
८ हे अग्नि [परमात्मा और भौतिक] ! तू धारक-दोष-नाशक है, दोष नष्ट कर. उसे हिंसक का
नाश कर जो हमें नष्ट करे और जिसे हम नष्ट करें । तू देवों का सर्वाधिक वाहक-शुद्ध-पूरक
सेव्य और विद्वानों से स्तूयमान सुख-दाता है ।
९ हे मनुष्य ! तू अकुटिल है, हवि-भण्डार [शरीर-घर] को दृढ़ कर; उस को तू और तेर
यज्ञ-पति न छोड़े । विष्णु [व्यापक परमात्म-सूर्य-यज्ञ] तुझको विशाल वायु के लिए आगे बढ़ाए
राक्षस नष्ट हों, पाँच क्रियाएँ [उत्क्षेपण-अवक्षेपण-आकुञ्चन-प्रसारण-गमन] ५ अंगुलियाँ गति करें,
५ जन ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र-निषाद दान दें, पञ्चायत तुझको धन दे ।
१० हे मनुष्य ! देव सविता के उत्पादित संसार में अश्विनों दिन-रात की बाहों; पूषा के
हाथों से अग्नि और अग्नि-जल से सविता यज्ञ-फल तुझे देता है ।
११ हे अग्नि (परमात्मा और भौतिक) ! तू हव्य की रक्षा कर । उत्पन्न संसार के लिए; कृपणता
के लिए नहीं, सुखरूप तुझको सब ओर देखूँ, पृथिवी पर घर दृढ़ हो, मुझको बड़ा अन्तरिक्ष मिले,
पृथिवी के केन्द्र में प्रकृति की गोद में तुझ को स्थापित करता हूं ।

१२ यज्ञ-किरणो प्राण-उदान पवित्र हों, सविता के उत्पन्न संसार में निर्दोष पवित्र वायु से और सूर्य-किरणों से तुझको अधिक पवित्र करता हूं। हे आकाशीय जल! और दिव्य आप्तो! तुम आगे जाने वाले, आने वालों के पवित्र-कर्ता हो, इस यज्ञ को सदा आगे ले जाओ; सुन्दर सुवर्ण-युक्त, देव-सहित यज्ञपति को आगे उन्नति पर ले जाओ।

१३ हे जल और आप्तो! तुम को इन्द्र (सूर्य-वायु-शासक) ने वृत्र (मेघ-दुष्ट) के वध के लिए वरण किया और उसको तुम ने। तुम सींचे हुए हो। हे यज्ञ! परमात्मा मैं अग्नि और अग्नि-सोम के लिए सेवनीय तुझको सींचता हूं। दोनों दैव्य कर्म तथा यज्ञ के लिए शुद्ध होओ, जो अशु-द्धियाँ हैं वे दूर हों। यह मैं इन्हें शुद्ध करता हूं।

१४ हे यज्ञ-घर! तू सुखद है, राक्षस-शत्रु दूर किये, तू पृथिवी की त्वचा-समान है यह परमात्मा जानता है' पत्थर-लकड़ी का बना, बड़े अन्तरिक्ष वाला मेघ-समान, तुझ को वायु मिलती रहे।

१५ हे यज्ञ तथा पूज्य मनुष्य! तू आग के शरीर-समान विस्तारक; वाणी का प्रयोग-स्थान है। तुझे दिव्य गुण पाने के लिए लेता हूं; पत्थर-लकड़ी का बना बड़ा उखल-मूसल देवों के लिए हवि तथा शमनकारी सामग्री शुद्ध कर। आ हे हवि-निर्माता [वाणी-व्यक्ति]! आ।

१६ हे यज्ञ तथा मनुष्य! तू मधुर जीभ (वाणी) का कुक्कुट [दुष्ट-नाशक, बुरे जल का शोषक है इष-ऊर्ज को बता; तेरे साथ हम प्रत्येक सङ्घर्ष जीतें। तुझ वर्षा-वृद्धिकारी को सब जानें, राक्षस रोग-क्रिमि दूर हुए। वायु तुम को विशेष प्रकाशित करे, सुनहरी किरणों का सविता देव सूर्य निर्दोष किरण से ग्रहण करे।

१७ हे यज्ञ-शिल्प-आग तथा नेता! तू समर्थ है, कच्चा खानेवाली, मांस-भक्षी आग दूर रख, दे देवों का यजन कराने वाली बिजली को ला। तू अटल है, भूमि के जनों को बढ़ा, ब्राह्मण-क्षत्रिय और उत्पन्न प्राणियों से सेवनीय तुझ को शत्रु के वध के लिए स्थापित-प्रयुक्त करता हूं।

१८ हे अग्नि तथा अग्रणी! वेद को ले, तू धारक (तेज-वायु) है, अन्तरिक्ष-द्यौ को दृढ़ कर। ब्रह्म-क्षत्र-समान उत्पन्न से सेवनीय तुझ को दुष्ट-नाशार्थ लेता-लिवाता हूं, सब दिशाओं से लाता हूं। तुम चुने-उपरि चुने (विज्ञानी-यन्त्र) हो, भूनने-पकाने वाले अङ्गारों-प्राणों के तप से तपो।

१९ शम-यत्त मन्त्र १४ के समान है। हे अग्नि! तू उत्तम ज्ञान वाली, वेद-वाणी पृथिवी की त्वचा-समान रक्षक जानी जाये, द्यौ की धारक बुद्धि है, मेघ-पुत्री पृथिवी-समान रक्षक है तुझको बुद्धि पाये-जाने।

२० हे हवि! तू देवों को तृप्त कर, तुझ को प्राण-उदान-व्यान के लिए लेता हूं, आयु के लिए सुख-बन्धन-युक्त लड़ी को धारण करूं, सुवर्ण-किरण सविता देव निर्दोष किरण से दृष्टि के लिए ले; तू बड़ी शक्तिशाली गौओं का दूध है।

२१ पूर्वार्ध मन्त्र १० तथा २४ में भी है। मैं यज्ञ का विस्तार करता हूं। जल औषधियों से, वे रस से मिलें, मधुर-जल मधुर औषधियों से मिलें।

२२ हे मनुष्य! उत्पादन के लिए को हवि से मिलाता हूं। यह आग तथा आग-जल के मध्य अन्न के लिए हो। तू यज्ञ है; पूर्णायु और विशाल होकर यज्ञपति के साथ बढ़। आग तेरी त्वचा को नष्ट न करे। सविता (ईश्वर-सूर्य) तुझ को बड़े सुख में पक्का करे।

२३ न डर। न चलायमान हो, यज्ञ और यजमान की प्रजा ग्लानि-रहित हो तीन-दो-एक के लिए (३ अग्नि-कर्म-हवि, शरीर-वाणी-मन, दो आहवनीय-गार्हपत्य, वायु-जल-शुद्धि, एक सुख)।

# यजुर्वेद

२४ तुझ देव सविता के उत्पादित संसार में अश्विमों की बाहों और पूषा के हाथों से मैं यज्ञ-कार्य को देवों के लिए लेता हूं तू हजारों दोषों को मूल डालने वाला, सूर्य का दक्षता-युक्त हाथ है और तेज वाला, शत्रु का वध-कर्त्ता वायु -समान गति-शील है।

२५ हे देवों की यज्ञस्थान पृथिवी ! मैं तेरी ओषधियों को जड़ नष्ट न करूँ। हे यज्ञ ! तू द्यौ में मेघ तक जा, गो (किरणों-पशुओं) के स्थान में बरस। हे देव सविता (सूर्य- शासक) ! इस परम पृथिवी पर उस शत्रु को सैकड़ों बन्धनों से बाँध जो एक मैं अनेक से और हम अनेक जिस से द्वेष करते हैं; उसे इस बन्धन से मत छोड़।

२६ मैं अररु (दुष्ट-रोग-क्रिमि) को पृथिवी पर देव-यज्ञ-शाला से दूर मार भगाऊँ। हे मनुष्य ! व्रज-गो-स्थान सत्सङ्ग-विद्यालय को जा; जहाँ ज्ञान-प्रकाशक सूर्य-समान आचार्य विद्या बरसाये हे देव सविता ! इस पृथिवी पर जो हम से द्वेष करता, जिससे हम द्वेष करते उसे शत पाशों से बाँध; उसे इनसे मत छोड़। हे अररु, द्यौ (प्रकाश) को न पा, तेरा या पृथिवी का हर्षकारक रस आनन्द को न निकलने दे; तेरा अंश द्यौ तक न पहुँचे। व्रज---छोड़ (पूर्ववत्)।

२७ हे परमात्मा और यज्ञ ! तुझ को मैं गायत्री-त्रिष्टुप्-जगती छन्द से लेता हूं। हे सुन्दर भूमि, तू कल्याणी-सुखदा-निवासयोग्य-अन्न-दूध-जल वाली है और हो।

२८ हे महान ईश्वर और मनुष्य ! तू फैलने वाले क्रूर सङ्घर्ष से पहले ही जीवन-दायिनी पृथिवी को उन्नत कर चन्द्र-निकट अन्नों के साथ पाता है उसी को लक्ष्य कर धीर योगी यज्ञ करते हैं। यज्ञ में प्रोक्षणियाँ रख, तू द्वेषियों का नाशक है।

२९ यज्ञ से राक्षस-रोग-क्रिमि और अदाती जलता और नष्ट होता है। हे अन्न-बल-युक्त यज्ञ-संग्राम-सेना के स्त्री-पुरुषो ! आप अविस्तृत, रिपु-जयी हैं। अन्न-बल पाने के लिए आप को शुद्ध-पवित्र करता हूं।

३० हे यज्ञ ! तू पृथिवी-अन्तरिक्ष में रस-दाता, व्यापक परमात्मा की शक्ति है, मैं अन्न-रस-पराक्रम के लिए-आनन्द पूर्ण विज्ञान से देखता हूं। तू अग्नि की जीभ है, देवों को अच्छे प्रकार बुलाने वाला, घर-घर प्रत्येक यजुर्मन्त्र और मेरे कर्म के लिए सिद्धि-प्रद हो।

३१ हे यज्ञ और याज्ञिक ! मैं सविता के उत्पादित आपके संसार में निर्दोष पवित्र कर्म से परमात्मा और सूर्य की किरणों से आप और सब को उत्कृष्ट पवित्र करता हूँ। तू तेज-शुद्ध-अमृत-सर्वाधार-नमन-योग्य-जल का कारण, देवों का प्रिय, न दबने वाला, देवों का सङ्गम है।

ओ३म्

श्री कौशिक आचार्य प्रणीतम्

# अथर्ववेदीय वैतान श्रौत सूत्रम्

भूमिका

प्रत्येक वेद के गृह्य-श्रौत सूत्र हैं, पहले में घर में कर्तव्य संस्कार और दूसरे में श्रुति के मन्त्रों से कर्त्तव्य यज्ञों का विधान है । यजुर्वेद के कात्यायन श्रौत के समान अथर्व का वैतान सूत्र है जिन का अर्थ विशेष ताना हुआ विस्तार और विधान; जिसमें ८ अध्याय, ४३ कंडिका, ६७६ सूत्र हैं।
यह कात्यायन श्रौत से भिन्न है क्योंकि यज्ञों की विधि में अथर्व-मन्त्र विनियुक्त हैं ।
इसका आधार गोपथ ब्राह्मण है जिसका संकेत अनेकत्र मिलता है । निम्नाङ्कित यज्ञ वर्णित हैं —

१-२ दर्श-पूर्णमास-इष्टि ३ अग्न्याधेय ४ अग्निहोत्र ५ आरम्भण
६ चातुर्मास्य, ६ भेद — वैश्वदेव, वरुण-प्रघास, साकमेध, पित्र्यमेध, त्र्यम्बक, शुनासीर्य
७ पशुबन्ध, ८ अग्निष्टोम, ५ भेद — सुत्यमहः, प्रातः-माध्यन्दिन-सायं (तृतीय) सवन, अवभृथ,
९ अत्यग्निष्टोम १० उक्थ्य ११ षोडशी १२ अतिरात्र १३ वाजपेय १४ आप्तोर्याम
१५ अग्नि-चयन १६ सौत्रामणि १७ गवामयन ७ अङ्ग— चतुर्विंशमहः अभिप्लव-षडह, पृष्ठ्य-षडह नवरात्र दशरात्र महाव्रत पृष्ठ्य-शमनीय । १८ राजसूय १९ अश्वमेध २० पुरुषमेध
२१ सर्वमेध ,

—०—

# १–२ दर्श पूर्णमासेष्टि

## अध्याय एक; कण्डिका एक, सूत्र २०

१ अब वितान (यज्ञ-विधान, गार्हपत्य-आहवनीय-दक्षिण अग्नि-विधान) कहते हैं। ब्रह्मा अथर्ववेदज्ञ दक्षिण में विधि-सहित, मौन बैठता है।

२ वह बताये गये होम अनुमन्त्रित करता है।

३ भागलि का मत— मन्त्र के आदेश न होने पर होम-देवता के नाम वाला मन्त्र पढ़े। माठर का मत— देवतानुसार युवा कौशिक का मत— प्रजापते० (अ ७-८०-३) से आरम्भ करे। आचार्यों का मत— ओं भूर्भुवः स्वः जनदोश्म् से करे। मन्त्र बदल दे; जैसे इन्द्र न त्वदेता० आदि। आचार्यों का मत— ओं भूर्भुवः स्वः जनदोश्म् से करे। आवपन करते हैं।

४ कुछ आचार्य प्रधान-होम-मन्त्रों को पुरस्ताद्धोम-संस्थित-होमों में आवपन करते हैं। (यथा दर्श-पूर्णमास में येनेन्द्राय समभरः० [अ १-९-३] से।

५ वह यजमान को अथर्ववेदज्ञ से संस्कृत (मन्त्र) बुलवाता है।

यहाँ 'अग्नि' से आहवनीय का ग्रहण करे।

७ यजमान के स्वर-मौन ब्रह्मा-समान हों।

८ देवता-हवि-दक्षिणा यजुर्वेद-निर्दिष्ट हों।

९ आग्नीध्र का उपाचार विहार से उत्तर में है, वह हाथ में स्फ्य लेकर दक्षिण-मुख रहता है।

१० वह स्वर-सहित अस्तु श्रौश्षट् यह प्रत्याश्रावण करता है।

११ यजमान चतुर्दशी को उपवास रखकर सायं भात खाता है।

१२ आहवनीय-गार्हपत्य-दक्षिण अग्नियों में ममाग्ने वर्चः (अ० ५-३-१ से) क्रमशः ३-४-३ समिधाएँ एक-एक कर एक-एक मन्त्र पढ़कर रखता है।

१३ व्रतेन त्वं व्रतपते०(७-७४-४) से अनशन आदि [कौशिक सूत्र ७३-१० के अनुसार अनशन-ब्रह्मचर्य-भूमि-शयन, पवित्र-सुगन्धित आग के पास बैठना] व्रत का गार्हपत्य के दक्षिण आहवनीय देश में स्थित होकर ग्रहण करता है।

१४ ममाग्ने वर्चः (५-३-१-४) के ४ मन्त्र पढ़कर देवताओं का नाम जपता और सिनीवाली पृथुष्टुके० आदि (७-४६ के तीन मन्त्र) पढ़कर सिनीवाली चतुर्दशी देवता को ग्रहण करता है।

१५ किन्तु पौर्णमासी में अन्वद्य नः (७-२०) पढ़कर।

१६ प्रातः अग्निहोत्र कर के अमावास्या में कुहूं देवीं -४७ और यत्ते देवाः ७-७९ के दो सूक्तों से; पूर्णिमा में राकामहं० ७-४८ तथा पूर्णा पश्चात्० ७-८० के २ सूक्तों से काल को लेता है।

१७ अब यजमान ब्रह्मा का वरण 'भूपते भुवनपते भुवो पते महतो भूतस्य पते ब्रह्माणं त्वा वृणीमहे' (तैत्तिरीय ब्राह्मण ३-७-६-१) जप कर करता है।

१८ वृत ब्रह्मा का जप— अहं भूपतिः अहं भुवनपतिः अहं भुवां पतिः अहं महतो भूतस्य पतिं तदहं मनसे प्रब्रवीमि मनो वाचे वाग्गायत्र्यै गायत्रमुष्णिहे उष्णिगनुष्टुभे अनुष्टुब्बृहत्यै बृहतीं पंक्त्यै पङ्क्तिस्त्रिष्टुभे त्रिष्टुब्जगत्यै जगती प्रजापतये प्रजापतिर्विश्वेभ्यो देवेभ्यः (वही तै०-ब्रा०) और व्यक्त वाणी से ओं भूर्भुवः स्वः जनदोश्म् और अप्रतिरथ(इन्द्रस्य बाहू० १९-१३) पढ़ता है।

१९ जीवाभिराचम्य से प्रपदन तक (१९-६९-१-४) भी पढ़ता है। (कौ० सू० ३-४-५; १३७)

२० आहवनीय के उत्तर, गार्हपत्य-दक्षिण के दक्षिण ओं प्रपद्ये कहकर अहे दैधिषव्य से लेकर द्यावापृथिव्योः तक पाठ करता है। (कौ० सू० ३-४) क० १ समाप्त,

## वैतान सूत्र दर्श-पूर्णमास-इष्टि अध्याय १ कण्डिका २ सूत्र १७

१ अप: प्रणयन— अध्वर्यु द्वारा ब्रह्मन्नप: प्रणेष्यामि कहने पर ब्रह्मा को अनुमति—
पृणय यज्ञं देवता वर्धय त्वं नाकस्य पृष्ठे स्वर्गे लोके यजमानो अस्तु ।
सप्त ऋषीणां सुकृतां यत्र लोकं तत्रेमं यज्ञं यजमानञ्च धेहि । ओं भूर्भुवःस्व जनदोम् प्रणय,
यह कहकर स्वरानुसार अनुमति देता है। इसी प्रकार आदि-अन्त के २ शब्दों से अनुज्ञा होती है।
जैसे हविः प्रोक्षय ।

२ प्रणीताओं के लाये जाने पर हविष्कृत् के उद्वादन तक मौन रखता है।

३ यदि बोल पड़े तो प्रायश्चित्त में वैष्णवी-ऋचा जपे ।

४ आग्नीध्र अन्वाहार्य का अविश्रयण कर वेदि का मार्जन कर उत्कर देश के प्राङ्गण-बर्हि-स्रुचा रखता है । स्तम्बयजु के द्वितीय पुरीष में अध्वर्यु द्वारा उत्कर में प्रहार करने पर अररो दिवं मा पप्त: (मा० १-२६) पढ़कर वहाँ पहुँचता है ।

५ ग्रहण की जाती हुई वेदि पर बृहस्पते परिगृहाण कहकर अनुमन्त्रण करता है । (कौ० सूत्र)

६ योक्त्र से पत्नी के बाँधने पर आशासाना सौमनसम्० मन्त्र (१४-१-४२) पढ़ता है ।

७ घी के निरीक्षण पर अग्नि के लिए घृतं ते अग्ने० (७-८२-६), और वेदि में तृण बिछाते समय अध्वर्यु के लिए परि स्तृणीहि० (७-९९) पढ़ता है ।

८ परिधियाँ रक्खी जाने पर यस्यां वृक्षा: (१२-१-२७) पढ़ता है ।

९ प्रस्तर रखने पर ऋषीणां प्रस्तरोसि० मन्त्र (१६-२-६) बोलता है ।

१० अध्वर्यु-द्वारा हवियाँ लाने पर अग्नावग्नि० [४.३९.९-१०; ५-२९-१;२-३५-५] इन चार उक्त दर्श-पूर्णमास के चार पुरस्ताद्धोमों की, और आभिचारिक संस्थित होम के अग्ने यत्ते तप:० [२०.१९-२३] पुरस्ताद्धोम के तथा निरमुं नुद० [६.७५-७७] तीन संस्थित-होम के मन्त्रों से आहुति देता है ।

११-१२ होता से कही जाती प्र वो वाजा: ० [ऋ० ३-२७-१] पर सामिधेनी अग्नेमन्वे० आदि [४-२३] मन्त्र बोलता है । प्रजापते० [७-८०-३] प्रजापति का आघार-मन्त्र है ।

१२ (क) अध्वर्यु द्वारा 'परिधियों और अग्नि का तीन-तीन बार सम्मार्जन करो'- यह प्रैष देने पर अग्नीत् स्फ्य और आहवनीय के मध्य सम्मार्जन करके मध्यम-दक्षिण-उत्तर परिधियों का 'अग्ने वाजजिद् वाजं त्वा सरिष्यन्तं वाजजितं सम्मार्ज्मि०' (मा० २.७) से संमार्जन करता है ।

१३ संमार्जन से पश्चिम को आग को 'वाजं त्वाग्ने जेष्यन्त सरिष्यन्तं संमार्ज्मि वाजं जय' कहकर तीन बार जगाता है ।

१४ इन्द्रसम्० (६-५-२) से ऐन्द्र- आघार ।

१५ अध्वर्यु द्वारा प्रवर बताने पर यजमान से देवा: पितर:० [६.१२३.-२५] तीन मन्त्र बुलवाये ।

१६ ग्रीष्मो हेमन्त:० [६-५३-२] पढ़कर प्रयाजा की आहुति दे ।

१७ अहं जजान० (६-६१-२) पढ़कर दो आज्य-भाग आहुतियाँ दे ।

—०—

## अध्याय १ की कण्डिका ३ [२२ सूत्र]

१–२ 'येनेन्द्राय० १–९–१' से आग्नेय, 'मा वनि मा वाचम्० ५.७.६' से ऐन्द्राग्न पुरोडाश चढ़ाता है।

३ सान्नाय्य की ऐन्द्र वा माहेन्द्र आहुति इन्द्रमम् ० ६–५–२ से, त्वमिन्द्रस्त्वं महेन्द्रः से देता है।

४ (क) पौर्णमासी में आग्नेय और अग्नी–षोमीय पुरोडाश–आहुतियों के मध्य में अग्निषोमीय उपांशुयाज होम असमै क्षत्रम्० ६–५४–२ से करता है।

(ख) यह अमावास्या में विधान न होने से नहीं होता। पौर्ण० में १४, अमा० में १३ आहुति हैं।

५ स्विष्टकृत् आहुति आ देवानाम्० १६–५०–३ से।

६ इसके बाद अनुयाजों के प्रसव तक मौन रहता है।

७ प्राशित्र जौ–मात्र नीचे वा ऊपर से अभिघारित को अध्व० आगे से लेता है।

८ उसे सूर्यस्य त्वा चक्षुषा प्रतीक्षे (गोपथ २–१–२, कौ० ६१–२) पढ़कर देखता है।

९ उसे देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां प्रसूत प्रशिशा प्रतिगृह्णामि (म० २–११, कौशिक २–२) से लेता है।

१० घास हटाकर प्राशित्र–दंड को पूर्वमुख कर पृथिव्यास्त्वा नाभौ सादयामि से भू पर रखता है।

११– अग्नेष्ट्वास्येन० इस ऋचा और आत्माश्यात्मनात्मान मे मा हिंसीः स्वाहा इम यजु से अनामिका–अङ्गुष्ठ से दाँत न छुआते हुए खाता है।

बारह– खाये प्राशित्र का मन्त्र– योऽग्निर्नृमणा नाम ब्राह्मणेषु प्रविष्टः तस्मिन् एतत्सुहुतमस्तु प्राशित्रम तन्मा मा हिंसीत्परमे व्योमन् ॥ (कौ० ६५–१५)

तेरह–चौदह– मातली से जल से मार्जन करके निम्न मन्त्रों से प्राणों का स्पर्श करता है— वाङ् म आसन् नसोः प्राणः चक्षुरक्ष्णोः श्रोत्रकर्णयोः बाह्वोर्बलम् ऊर्वोरोजः जङ्घयोर्जवः पादयोः प्रतिष्ठा। अरिष्टानि मे सर्वाङ्गानि सन्तु। तनूस् तन्वा मे सह। (६६–७०–१–३)

पन्दरह– होता से बुलायी इडा पर इडैवास्मान्० [७–२७–१] बोलता है।

सोलह– आग्नीध्र पृथिव्याः त्वा दात्रा प्राश्नाम्यन्तरिक्षस्य त्वा दिवस्त्वा कहकर खाता है।

सत्रह– उप त्वा देव:[७–११०–३] से इडा–भाग लेकर इन्द्र गीर्भिः [का श्रौ १४.१९–२०] पढ़कर ब्रह्मा–आग्नीध्र–यजमान उसे खाते हैं।

अठारह– अपो दिव्याः (७–८९) के ३ मन्त्र से पवित्रा वाले होत्रा–चमस से मार्जन करते हैं।

उन्नीस– यजमान अन्वाहार्य को अन्तर्वेदि में यह (गोपथ–वचन २–१–७) पढ़कर रखता है। प्रजापतेर्भागोस्यूर्जस्वान पयस्वानक्षितोऽसि अक्षित्यै त्वा मे द्वेष्ठाः अमुत्रामुष्मिल्लोके इह च– प्राणापानौ मे पाहि समानव्यानौ मे पाहि उदानरूपे मे पाहि ऊर्गास्यूर्जं मे धेहि कुर्वतो मे मा क्षेष्ठाः ददतो मे मोपदसः प्रजापतिरहं त्वया समक्षं ऋध्यासम्। यह पढ़कर

२० ऋत्विजों के लिए दक्षिणा देता है। [मा श्रौ १–४–२–बारह, का श्रौ ३–४–२७; –२८]

२१ दक्षिणा लेकर ये मन्त्र पढ़ते हैं— कइदम्, कस्मा अदात ३–२९–७,८ कामस्तदग्रे १९–५२; यदन्नम् ६–७१, पुनर्मैत्विन्द्रियम० ७–६७–१।

२२ अध्वर्यु समिधा रखकर प्रैष देता– अग्निं अग्नीत समृड्ढि। (गो० ब्रा० २–चौदह, वैतान २–तेरह; का श्रौ ३–५–१–४, आप श्रौ ३–४–५–७) (शेष पृष्ठ ५)

कण्डिका ४ (२२ सूत्र)

१ एधोऽसि (७.८६.४) से अनुयाज-समिधा रखकर अग्ने वाजजित्० से परिधि-सम्मार्जन।
२ और पूर्व की आग का वाजं त्वा० [गोपथ २.१.४] पढ़ कर संमार्जन।
३ अनुयाज होम मनोज्योति० काश्री ३.५.५ से करता है।
४ अनुवषटकार होम ये देवा दिविष्ठ एक-तीस-तीन से करता है।
५-६ तुदस्व काम० ६.२.४से दोनों स्रुच विप्रयुक्त कर संवर्हिरक्तं ७.६८से सप्रस्तर आगमें फेंकताहै।
७ संस्राव होम सस्रावं भागाः (कौ सू ६-९) से करता है।
८ पत्नी-संयाज होम न प्रस्वतापः ७-९८-२; संवर्चसा० ६-५३-, देवाना०, सुगार्हपत्य० से।
९ दक्षिणाग्नि-होम-मन्त्र पढ़ता है। तीसरा होम उलूखले-मुसले० १०६.२६ से करे।
१० आग्नीध संमार्ग को यो अग्नौ० ७.८७ पढ़कर आहवनीय में फेंकता है।

ग्यारह-बारह—पत्नी-योक्त्र के अलग करने पर तीन मन्त्र पढता है— वि ते मुञ्चामि,० अहं विष्यामि०, प्र त्वा मुञ्चामि०। वेदः स्वस्ति० पढ़कर वेद (कुश) छोड़ता है।
तेरह- समिष्ट-यजुः के पश्चात् यानावह:० आदि ७-९७ से संस्थित-होम करता है।
चौदह- वेदि में प्रणीता छोड़ते हुए सस्रुषी० ६-२३ पढ़ता है।
पन्द्रह- येषा प्रयाजाः० १-वीस-४ से यजमान को आशीर्वाद देता है।
सोलह- यदन्नम्० ६-७१ बोलकर देव सवितरेतत्त० आदि गोपथ २-१-४ कहकर स्वभाग खाता है।
सत्रह- यजमान अध्वर्यु द्वारा लिये हुए जल-पात्र के जल से संवर्चसा पढ़कर मुख धोता है।
अठारह- गार्हपत्य-दक्षिणाग्नि के बीच में यजमान तीन विष्णु-क्रम आहवनीय दक्षिण कर पढ़ता है।
उन्नीस- यजमान अग्ने गृहपते० से गार्हपत्य का उपस्थान करता है। (कौ ७०.६)
२० यस्योरुषु[७.२६]पढ़कर आहवनीय का, प्राणापानौ-ओजोसि० २०-१६से मन्त्रोक्त कर्म करता है।

इक्कीस-बाइस अयं नो अग्निः आदि कौ सू ८६ के दो मन्त्र पढ़कर; सं यज्ञपतिराशिषा० पढ़कर यजमान अपना भाग खाता तथा व्रतानि व्रतपतये० से बिसर्जनीय समिधा की आहुति दे।
२३ इन यजमान पदार्थों के बिना सिद्धि नहीं; यह प्रवर्ग्यो०-प्रवर्ग्या० आदि दो श्लोक बताते हैं।
२४ दश-पौर्णमास तीस वर्ष और दाक्षायण यज्ञ पन्दरह वर्ष तक चलता है।
२५ दर्श-पौर्णमास अमावस-पूर्णिमा को और अगले दिन भी होता है।
छब्बीस-सत्ताइस क- ये दाक्षायण और साकंप्रस्थाय्य आदि भी एक संवत्सर चलता है।
सत्ताइसख - इन दोनों से अन्य इष्टियाँ व्याख्यात हुयीं, व्याख्यात हुयीं।

९ ह कंडिका और अध्याय १, ८६ सूत्रों में दर्श-पौर्णमास-पद्धति समाप्त हुई।

पं० २० वर्ष १७ अंक ७ नभः (आषाढ़) **वेदज्योति** जुलाई १९९३ न० ६६२१।६२, डाक

श्रीमन्! नमस्ते, आप का वर्ष २-७-९३ को पूर्ण हो चुका, कृपया वार्षिक शुल्क ४०) शीघ्र भेजिये।



नया प्रकाशन—
अथर्ववेद सौ)
संस्कृत-प्रबोध १०)
सामवंश ब्राह्मण, देवताध्याय संहितोपनिषद्, प्रत्येक १०)
शतपथ भाग ३ २०)
वेदार्थपारिजात-खण्डन २०)
अष्टाध्यायी २०)
सम्पादक वीरेन्द्र सरस्वती

## समाचार

श्री राजेन्द्रकुमार मन्त्री आर्य समाज लन्दन लिखते हैं कि वहाँ १८-४-९३ को आर्य समाज-स्थापना-दिवस मनाया गया। ९-५-९२ को चुनाव में श्री सुरेन्द्रनाथ भारद्वाज प्रधान चुने गये।

तृतीय आर्य महासम्मेलन शिकागो (अमेरिका) में १०-११ जुलाई १९९३ को होगा।
—संयोजक, १९०६ स्टाडार्ड एवेन्यू, व्हीटन, इलिनोइस, अमेरिका यू० ऐस० ए०

हर्ष है कि आर्यसमाज [illegible] का वेद-वेदाङ्ग-पुरस्कार २१०००) स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती और वेदोपदेशक-पुरस्कार ११०००) श्री नरदेव वेदालंकार (डरबन) को ४ जुलाई को दिया।

अल्मोड़ा में आर्य-लेखक-परिषद् का अधिवेशन २५-२७ जून, १९९३ को हुआ।

वाशिंगटन में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू-सम्मेलन ८ अगस्त १९९३ को होगा।

सा०आ० दिल्ली की सत्यार्थप्रकाश पत्राचार-प्रतियोगिता में २०) शुल्क, आयु १८-४० वर्ष, अण्डर-ग्रेजुएट, अन्तिम ता० २१-७-९३, पुरस्कार प्रथम ११०००), द्वितीय ८०००), तृतीय ५०००)।

मुद्रक — डा० आनन्दकुमार, आदर्श प्रेस, लखनऊ ६ सेवा में संख्या

ऋग्वेद ओ३म् यजुर्वेद खण्ड २

वर्ष १७ अंक ८

श्रावण २०५० अगस्त १९९३

अथर्व वेद सामवेद

विश्व वेदपरिषद् की संस्कृत पत्रिका का उद्देश्य— विश्व में वेद, संस्कृत, यज्ञ, योग का प्रचार

मानव-वेद-सृष्टि-संवत् १ ९६ ०८ ५३ ०९४, दयानन्दाब्द १६९

शुल्क वार्षिक ४०), आजीवन ४००), विदेश में २५ पौंड, ५० डालर, एक अंक का ४)

सम्पादक- वेदर्षि वेदाचार्य वीरेन्द्र मुनि सरस्वती एम ए. काव्यतीर्थ, अध्यक्ष विश्व वेदपरिषद्

सी ८१७, महानगर, लखनऊ उ० प्र० २२६००६; दूरभाष ७३५०१ । सहायक-विमला शास्त्री

सहायक सम्पादक-प्रकाशक-मुद्रक श्री ओजोमित्र शास्त्री, मन्त्री विश्व वेदपरिषद्, लखनऊ ६

विषय-सूची—





लेखक-परिचय पृ.३ पर

श्री रत्न लाल पालड़िया ।

## वेद-श्रावणी-गीतिका

वेद ही जग में हमारा ज्योति जीवन सार है ।
वेद ही सर्वस्व प्यारा पूज्य प्राणाधार है ॥
श्रावणी का श्रेष्ठ उत्सव पुण्य पावन पर्व है ।
वेद-व्रत स्वाध्याय वैभव आज से सुख सर्व है ॥
वेद का पाठन-पठन हो, वेद-वाद-विवाद हो ।
वेद-हित जीवन-मरण हो, वेद-हित आह्लाद हो ॥
आर्य जन का सर्वदा व्रत विश्व-वेद-प्रचार है ॥ वेद०
विश्व भर को आर्य करना वेद का सन्देश है ।
वेद ही स्वामी सखा सब, वेद ही परिवार है ॥ वेद०

—०—

# वैदिक दैनन्दिनी प्रथम भाद्रपद २०५०विक्रम

तिथि कृ १ २ ३ ४ ५ ६ ६ ७ ८ ६ १० ११ १२ १३ ३० शु १ २ ३ ४ ५ ६ ८ ६ १० ११ १२ १३ १४ १४ १५
न. श्र घ श पूभा उभा रे अ भ कृ रो मृ आ पुन पु आ म पू फा उफा ह चि स्वा विश्र ज्ये मू पूषा उषा श्र ध श
सौ वार म बु गु शु श [illegible] गु शु श र सो मं बु गु शु श र सो मं बु गु शु श र सो म बु
ता. अ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ६ १० ११ १२ १३ १४ १५ १६ १७ १८ १६ २० २ २२ २३ २४ २५ २६ २७ २८ २६ ३० ३१ [illegible]

## ऋ० भाष्य भू० मन्त्र-व्याख्या

क्रमाक २.१ ऋषि अथर्वा, देवता आत्मा छन्द अनुष्टुप्, स्वर, गान्धार, विनियोग प्रार्थना

**यो भूतं च भव्यं च सर्वं यश्चाधि तिष्ठति।**
**स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ [अथर्ववेद १०.८.१]**

जो परमेश्वर भूत-भविष्य-वर्तमान कालों और सब जगत् का अधिष्ठाता है, जिसका केवल निर्विकार सुख स्वरूप है और दुख लेशमात्र भी नहीं, जो आनन्द घन ब्रह्म है उस ज्येष्ठ सर्वोत्तम महान् ब्रह्म के लिए हमारा अत्यन्त नमस्कार हो ।

## पतञ्जलि का योग दर्शन शास्त्र (गतांक से आगे)

प्रश्न– परमात्मा निराकार है वह ध्यान में नहीं आ सकता, अतः अवश्य मूर्ति होनी चाहिए।

उत्तर– जब वह निराकार-सर्वव्यापक है तो उसकी मूर्ति ही नहीं बन सकती ... जो तुम कहते हो कि मूर्ति के देखने से परमात्मा का स्मरण होता है यह तुम्हारा कथन सर्वथा मिथ्या है । जब वह सामने न होगी तो परमात्मा के स्मरण न होने से मनुष्य एकान्त पाकर चोरी-जारी आदि कुकर्म करने में प्रवृत्त भी हो सकता है क्यों कि वह जानता है कि इस समय मुझे कोई नहीं देखता अतः वह अनर्थ किये बिना नहीं चूकता । ...... जो पाषाण आदि मूर्तियों को न मानकर सर्वदा सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी न्यायकारी परमात्मा को सर्वत्र जानता-मानता है वह कुकर्म करना तो कहाँ रहा, मन में भी कुचेष्टा नहीं कर सकता । [स० प्र० समुल्लास ११]

उदयपुर के महाराणा ने स्वामी दयानन्द से प्रश्न किया कि जब किसी मूर्तिमान् वस्तु को, चाहे वह कैसी ही हो; आप नहीं मानते तो ध्यान किस का करें? स्वामी जी ने उत्तर दिया कि कोई चीज ...नकर नहीं करना चाहिए । ईश्वर सर्वशक्तिमान्; सृष्टिकर्ता, सृष्टि का एक क्रम से चलाने वाला ...न्ता-पालनकर्ता और ऐसे ही अनेक ब्रह्माण्डों का स्वामी-नियन्ता है ऐसी ऐसी उसकी महिमा ...मरण करके अपने चित्त में उसकी महत्ता का ध्यान करना चाहिए अर्थात् इसी प्रकार समस्त ...णों से युक्त परमात्मा को स्मरण करके उसका ध्यान करना और-उसकी अपार महिमा का ... करना यह ध्यान है । [प० लेखराम कृत जीवनी पृष्ठ ५५६]

# पाणिनि-कृत धातु-पाठ भू-एध के रूप

## लेखक-परिचय-विवरण


१ नाम- रत्न लाल पालड़िया ।
शिक्षा- एम० ए० (संस्कृत), एल० एल० बी० ।
३ जन्म- १२-६-१९१६, आयु ७४ वर्ष ।
४ जन्म-स्थान- श्रीनगर जिला अजमेर (राज०) ।
५ पूर्व पद- प्रवर अधीक्षक डाक । एडवोकेट हाई कोर्ट
६ पता- धमतरु १८६/३४ पाल वीछला अजमेर(राज) ।
७ अभिरुचि- वेद-दर्शन- व्याकरण-ब्राह्मणग्रन्थ आदि और महर्षि दयानन्द के ग्रन्थों का अनुशीलन, व्याख्यान; लेख (प्रकाशित-अप्रकाशित) ।
यथावसर प्रकाशन-इच्छा है ।


१. भू धातु सत्ता (होना, उत्पन्न होना) उदात्त उदात्तेत्, सेट्, परस्मैपद शप् (अ) विकरण

| लकार पुरुष | प्रथम | | | मध्यम | | | उत्तम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वचन | एक | द्वि | बहु | एक | द्वि | बहु | एक | द्वि | बहु |
| प्रत्यय | तिप् | तस् | झि(अन्ति) | सिप् | थस् | थ | मिप् | वस् | मस् |
| लट् | भवति | भवतः | भवन्ति | भवसि | भवथः | भवथ | भवामि | भवावः | भवामः |
| लिट् | बभूव | बभूवतुः | बभूवुः | बभूविथ | बभूवथुः | बभूव | बभूव | बभूविव | बभूविम |
| लुट् | भविता | भवितारौ | भवितारः | भवितासि | भवितास्थः | भवितास्थ | भवितास्मि | भवितास्वः | भवितास्मः |
| लृट् | भविष्यति | भविष्यतः | भविष्यन्ति | भविष्यसि | भविष्यथः | भविष्यथ | भविष्यामि | भविष्यावः | भविष्यामः |

लेट् भवति आदि (लट्-समान) । भवि में ष, पा को जोड़कर भविषति, भाविषाति आदि । इ हटाकर, तु का दु करके भवात्, भवात्, भवाद्, भवाद्, भविषत्-द् भविषात-द् आदि ।
एवं प्र०पु० एक० में १८, द्वि०में ६, बहु० में १२ म०पु० में १२-६-६ उ०पु० में १२-१२ रूप हुए ।

| लकार | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोट् | भवतु-भवतात् | भवताम् | भवन्तु | भव भवतात् | भवतम् | भवत | भवानि | भवाव | भवाम |
| लङ् | अभवत् | अभवताम् | अभवन् | अभवः | अभवतम् | अभवत | अभवम् | अभवाव | अभवाम |
| विधि लिङ् | भवेत् | भवेताम् | भवेयुः | भवेः | भवेतम् | भवेत | भवेयम् | भवेव | भवेम |
| आशीर्लिङ् | भूयात् | भूयास्ताम् | भूयासुः | भूयाः | भूयास्तम् | भूयास्त | भूयासम् | भूयास्व | भूयास्म |
| लुङ् | अभूत् | अभूताम् | अभूवन् | अभूः | अभूतम् | अभूत | अभूवम् | अभूव | अभूम |
| लृङ् | अभविष्यत् | अभविष्यताम् | अभविष्यन् | अभविष्यः | अभविष्यतम् | अभविष्यत | अभविष्यम् | अभविष्याव | अभविष्याम |

(रूप-सिद्धि के लिए आख्यातिक पढ़िए ।)

२. आत्मनेपदी एध (बढ़ना) उदात्त-अनुदात्तेत्, सेट् (इट्-सहित)

| लकार | प्रथम पुरुष | | | मध्यम पुरुष | | | उत्तम पुरुष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | एक० | द्वि० | बहु० | एक० | द्वि० | बहु० | एक० | द्वि० | बहु० |
| प्रत्यय- | त | आताम् | झ(अन्त) | थास् | आथाम् | ध्वम् | इट् | वहिङ् | महिङ् |
| लट् | एधते | एधेते | एधन्ते | एधसे | एधेथे | एधध्वे | एधे | एधावहे | एधामहे |

लिट् एधाम् में कृ भू अस् के लिट् के रूप जोड़कर बनते हैं बभूव आदि दिये जा चुके हैं ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चक्रे | चक्राते | चक्रिरे | चकृषे | चक्राथे | चकृढ्वे | चक्रे | चकृवहे | चकृमहे |
| आस | आसतुः | आसुः | आसिथ | आसथुः | आस | आस | आसिव | आसिम |

| लकार | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लुट् | एधिता | एधितारौ | एधितारः | एधितासे | एधितासाथे | एधिताध्वे | एधिताहे | एधितास्वहे | एधितास्महे |

४ लृट् लुट् के रूपों में स्य के साथ 'इष्य' लगाने से लृट् के रूप बन जाएँगे।

५ लेट् ,, एध, एधिष, के साथ ष, त्तं, तै लगकर ८-२-८, ८-२-८, ४-८-८ रूप बनेंगे।

६ लोट् एधताम् एधेताम् एधन्ताम् एधस्व एधेथाम् एधध्वम् एधै एधावहै एधामहै

७ लङ् ऐधत ऐधेताम् ऐधन्त ऐधथाः ऐधेथाम् ऐधध्वम् ऐधे ऐधावहै ऐधामहै

८ विधिलिङ् एधेत एधेयाताम् एधेरन् एधेथाः एधेयाथाम् एधेध्वम् एधेय एधेवहि एधेमहि

९ आशीर्लिङ् एधिषीष्ट एधिषीयास्ताम् एधिषीरन् एधिषीष्ठाः एधिषीयास्थां एधिषीध्वं एधिषीय एधि-षीवहि एधिषीमहि

१० लुङ् ऐधिष्ट ऐधिषाताम् ऐधिषत ऐधिष्ठाः ऐधिषाथां ऐधिढ्वं ऐधिषि ऐधिष्वहि ऐधिष्महि

११ लृङ् ऐधिष्यत ऐधिष्येताम् ऐधिष्यन्त ऐधिष्यथाः ऐधिष्येथां ऐधिष्यध्वम् एधिष्ये ऐधिष्या-वहि एधिष्यामहि

—०—

४ मन्त्रों में वह यह बृहती ही है। जो दो यजु ३२ अक्षर के हैं वे दो ३२ के ही हैं परन्तु अन्तिम दो ३४ के हैं, अग्नि ही ३५ वाँ है। एक-दो अक्षर की कमी से छन्द नहीं बदलता है। यहाँ दो एक के कम होने पर भी यह ३४ वाली बृहती ही है। उसको वह संचित हो जाता है। २२

यह • अध्याय १ (क्रमागत ४४) समाप्त।

# अध्याय २(४५) ब्राह्मण १

नैर्ऋती ईंटों का लाना आदि।

अब नैर्ऋतियों को लाते हैं। देव गार्हपत्य चयन कर इसी लोक का संस्कार कर आगे बढ़े कि तम ही दिखायी दिया। १

वे बोले- इस पापी तम को मार डालें। चेतः चयन की इच्छा करो जिस से तम मार सकें। २

चेतते हुए उन्होंने इनसे उस पापी को मारा। निर्ऋति (पापी) के मारने से यह नाम पड़ा। ३

यह भी देव-समान करता है। ४

अथवा जहाँ देवों ने प्रजापति का संस्कार रचाया, उखा-योनि में रेतः बने हुए को सींचा और इस लोक मे पैदा किया उसके जो पाप, श्लेष्म-उल्व-जरायु को इनसे हटाया अतः यह नाम पड़ा। ५

वैसे ही यह यजमान अपने को सींच कर करता है। ६

ये पैर-बराबर-अलक्षणा-भूनी-पकी-काली होती हैं अतः भूनी-ममात-अलक्षण-काली तम-नैर्ऋति पैर से कुचलता है। ७

इनके साथ इसी नाम की दिशा को जाते हैं; जहाँ गड्ढे-दलदल हों, औषधियाँ-अन्न न पैदा हों, वहीं पर रखते हैं। ८

असुन्वन्तमयजमानमिच्छ स्तेनस्येत्यामन्वेहि तस्करस्य।
अन्यमस्मदिच्छ सा त इत्या नमो देवि निर्ऋते तुभ्यमस्तु ॥ [१२.६२]
नमः सु ते निर्ऋते तिग्मतेजोऽयस्मयं विचृता बन्धमेतम्।
यमेन त्वं यम्या संविदानोत्तमे नाके अधि रोहयेमम् ॥ [१२-६३]
यस्यास्ते घोर आसन् जुहोम्येषां बन्धानामवसर्जनाय।
यां त्वा जनो भूमिरिति प्रमन्दते निर्ऋतिं त्वाहं परि वेद विश्वतः ॥[१२.६४]
यं ते देवी निर्ऋतिराबबन्ध पाशं ग्रीवास्वविचृत्यम्।
तं ते विष्याम्यायुषो न मध्यादथैतं पितुमद्धि प्रसूतः। नमो भूत्यै येदं चकार ॥[१२.६५]
निवेशनः सङ्गमनो वसूनां विश्वा रूपाऽभि चष्टे शचीभिः।
देव इव सविता सत्यधर्मेन्द्रो न तस्थौ समरे पथीनाम् ॥ [य १२.६६]

जो सोम नहीं लेता ऐसे अयज्ञ-कर्ता के पास जा; वह स्तेन-तस्कर की दशा को पाये। हे देवी निर्ऋति! तू अन्य को चाह। तेरे लिए नमः हो। ९

हे तीक्ष्ण तेज वाली! तुझे नमः हो। तू सुनहरी बन्धन से बाँधती है, यम-यमी (आग-पृथ्वी) के साथ मिलकर इस यजमान को अच्छे स्वर्ग लोक में चढ़ा। १०

जिस तेरे घोर मुख में मैं इन बन्धनों के छुड़ाने के अर्थ होम करता हूं। जिस तुझे मनुष्य भूमि कहकर हृष्ट होता है ऐसी तुझ को सब प्रकार से जानता हूँ। ११

उसे छूता नहीं कि पाप न लग जाये, बिठाता नहीं क्योंकि यह प्रतिष्ठा करना पाप न लगादे, सुददोहा (प्राण) के साथ नहीं मिलाता कि पापी को प्राण के साथ न मिला दूँ। १२

कुछ इन्हें दूर अर्वाची रखते हैं कि पापी को दूर ही रक्खा जाय किन्तु ऐसा न करे, इसे पराची ही रक्खो ऐसा करके ही उस पापी निर्ऋति को मार सकता है। १३

३ ईंटें रखता है, त्रिवृत् आग है; वह या उसकी मात्रा जितनी है उतनी से ही मारता है। १४

अब आसन्दी, छींका, रुक्म-पाश, २ इण्डव को उसके उत्तरार्ध में रखता है। जिसका पाश है वह उसके पाश से ही छूटता है। यजु १२-६५ का अर्थ—

जिस पाश को देवी निर्ऋति ने तेरी गरदनों में अनजाने बाँधा है, वह मैं आयु (आग) के मध्य से नहीं प्रविष्ट करता हूं। जो चुना गार्हपत्य और न चुना आहवनीय है उस को यदि युवा चुनता है, यदि वृद्ध चुनता है तो मध्य नहीं हुआ यह अन्न तू मुक्त होकर खा।

यह बात २ त्रिष्टुपों द्वारा कहा जो वज्र है, वज्र से ही पापी नि० को नष्ट करता है। १५

३ ईंटें होती हैं, उनमें आसन्दी-शिक्य-रुक्मपाश-२ इण्डव मिलाकर ८ हुए, ८ अक्षर की गायत्री, जो अग्नि है, वह या उसकी जितनी मात्रा है उतनी से ही पापी नि० को मारता है। १६

अब जल-चमस के बीच ले जाता है, जल वज्र है, वज्र से ही पापी नि० को हटाता है। मन्त्रार्थ—भूत [सम्पत्ति] के लिए नमः हो जिसने यह किया। यह कहकर बैठ जाते हैं। पहले देवों ने मति के लिए ही यह कर्म और नमः किया, भूति के लिए ही यह वह कर्म और नमः करता है। अब जल के सामने आता है और वहीं पापी नि० को मारता है। १७

लौटकर अग्नि का उपस्थान करता है। यह अयथार्थ करता है कि अग्नि-चयन आधा ही होने पर इस दिशा को आता और फिर अहिंसा के लिए वापस लौटता है। १८

अथवा ऐसा इसलिए कि वह लोक गार्हपत्य प्रतिष्ठा है। इसी के लिए अपथ सी दिशा में जाकर लौटता है। १९

यजु १२-६५ का अर्थ— यह लोक निवेशन और वसुओं का सङ्गमन है, मनः-कर्मों से सब रूप धारण करता है। देव-समान सत्य-धर्मा यह पथवालों के समर में इन्द्र-समान रहता है। २०

## ब्राह्मण २

